जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 17 संख्याः 265 प्रभात चूरू, बुधवार 21 जनवरी, 2026 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# यूरोप, भारत के साथ, "मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स" करेगा

## यूरोपियन कमीशन की चीफ उर्सुला वॉन डेर लेयेन से डावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की मीटिंग में सार्वजनिक मंच से घोषणा की

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। डॉनल्ड ट्रंप द्वारा डेनमार्क और ग्रीनलैंड के समर्थन के लिए यूरोप पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी के जवाब में, यूरोपीय आयोग ने आज भारत के साथ एक ऐसे व्यापार समझौते के संपन्न होने की घोषणा की है, जिसे उसने "सभी व्यापार समझौतों की जननी" बताया है।

डावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक को संबोधित करते हुए यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने घोषणा की कि वे और आयोग के मुख्य व्यापार वार्ताकार भारत की यात्रा करेंगे, ताकि भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते को औपचारिक रूप दिया जा सके। यह समझौता दोनों महाद्वीपों की लगभग दो अरब आबादी को कवर करेगा और अंतर्राष्ट्रीय जीडीपी के लगभग एक-चौथाई हिस्से को समेटेगा।

- उर्सुला लेयेन के अनुसार, वे तथा यूरोपीयन यूनियन के व्यापारिक समझौतों के मुख्य कार्यकारी भारत जाएंगे तथा भारत के साथ व्यापारिक समझौते को हस्ताक्षरित करेंगे।
- दोनों पार्टियाँ यूरोप व भारत इस समझौते को काफी समय से फाइनल करना चाह रही थीं। पर, ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड पर उनकी दादागिरी स्वीकार नहीं करने पर अमेरिका द्वारा यूरोपीय देशों के अमेरिका को निर्यात पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने से यूरोपीय देशों में नया जोश भरा और वे तुरंत भारत से "ट्रेड डील" (व्यापारिक समझौता) करने में तत्पर हो गए।
- उर्सुला लेयेन के अनुसार, यह व्यापारिक समझौता विश्व के दो अरब व्यक्तियों को कवर करेगा तथा यह विश्व की जीडीपी का एक चौथाई हिस्सा है।
- इस ट्रेड डील के बाद, यूरोप के कई उत्पादन, कम टैरिफ के कारण, भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो जाएंगे और यूरोप भी भारत की उसके कृषि उत्पादन के बारे में संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए अपने कृषि उत्पादों को विशेषकर चीनी को समझौते से दूर रखेगा। भारत की यूरोप के जीआई (ज्योग्रॉफिकल इंडिकेशन) उत्पादों को समझौते में शामिल नहीं करेगा।

जब अमेरिका अपने सहयोगियों के खिलाफ कठोर भाषा का इस्तेमाल कर रहा है, तब यूरोप भविष्य के नए विकास केन्द्रों और उभरती आर्थिक शक्तियों के साथ सहयोग को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। भू-अर्थशास्त्र (जियो-इकोनॉमिक्स) की इस नई शक्ति-राजनीति में भारत, यूरोपीय संघ की रणनीतिक गणना में एक केन्द्रीय स्थान पर आ गया है। दोनों पक्ष लंबे समय से इस समझौते पर काम कर रहे थे, लेकिन इस समय इसे तेज़ी से आगे बढ़ाया गया, ताकि अमेरिका को एक स्पष्ट संदेश दिया जा सके।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मंच, जहां बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुख, बैंकर, वित्तपोषक और अंतर्राष्ट्रीय निर्णयकर्ता एकत्र होते हैं, से वॉन डेर लेयेन ने एक ऐसा संदेश देने की कोशिश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'पार्टी में नितिन नबीन मेरे बॉस हैं'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को नितिन नबीन (45) को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि पार्टी से जुड़े मामलों में युवा नेता अब उनके बॉस होंगे।

भाजपा ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में नितिन नबीन को औपचारिक रूप से अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष

- प्र.मंत्री मोदी ने नितिन नबीन को भाजपा अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए यह भी कहा कि "मैं एक कार्यकर्ता हूँ, आप मेरे अध्यक्ष हैं।"

घोषित किया। उन्हें इस पद पर निर्विरोध चुना गया।

नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने 45 वर्षीय नितिन नवीन को "मिलेनियल" बताते हुए कहा कि वे उस पीढ़ी से आते हैं, जिसने भारत में बड़े बदलावों को देखा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "जब पार्टी के मामलों की बात आती है, तो माननीय नितिन नबीन जी..मैं एक कार्यकर्ता हूं और आप मेरे बॉस हैं।"

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्मचारी चयन बोर्ड परीक्षा की ओएमआर शीट में हेराफेरी करने वाले 7 गिरफ्तार

## एसओजी ने कर्मचारी चयन बोर्ड के दो अधिकारियों व ओएमआर शीट स्कैन करने वाली कंपनी के दो कर्मचारियों को पकड़ा

जयपुर, 20 जनवरी। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड की भर्ती परीक्षाओं में ओएमआर शीट में हेराफेरी कर अभ्यर्थियों के नंबर बढ़ाने के एक बड़े खेल का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कर्मचारी चयन बोर्ड के दो अधिकारी शामिल हैं। वहीं ओएमआर शीट स्कैन करने वाली कंपनी के दो कर्मचारियों और एक महिला अभ्यर्थी को भी एसओजी ने गिरफ्तार किया है। यह पूरा मामला साल 2018 में हुई कृषि पर्यवेक्षक, महिला सुपरवाइजर और प्रयोगशाला सहायक भर्ती परीक्षा से जुड़ा है। अब इन तीन भर्ती परीक्षाओं में शामिल 38 अभ्यर्थी भी एसओजी के राडार पर हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि साल 2018 में हुई महिला अधिकारिता विभाग सुपरवाइजर, प्रयोगशाला सहायक और कृषि सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों की ओएमआर

- एसओजी की जाँच में सामने आया कि कंपनी के कार्मिक ओएमआर शीट की स्कैनिंग के बाद कम्प्यूटर सिस्टम डेटा में छेड़छाड़ कर चुनिंदा अभ्यर्थियों के नम्बर बढ़ा देते थे। इसके आधार पर कई अयोग्य अभ्यर्थियों का चयन करवाया गया।

शीट में हेरफेर कर नंबर बढ़ाने के आरोप में उप निदेशक (सिस्टम एनालिस्ट कम प्रोग्रामर व तकनीकी प्रमुख) संजय माथुर, प्रोग्रामर प्रवीण गंगवाल, ओएमआर शीट की स्कैनिंग करने वाली कंपनी राभव लिमिटेड, नई दिल्ली के शादान खान व विनोद कुमार गौड़ और महिला अभ्यर्थी पूनम माथुर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इन तीनों भर्ती परीक्षाओं के 38 अभ्यर्थी भी एसओजी के राडार पर हैं। आरोपियों ने न केवल अपने परिचित अयोग्य अभ्यर्थियों का चयन करवाया, बल्कि ओएमआर शीट में हेराफेरी कर लाखों रुपए भी बटोरे हैं। किस अभ्यर्थी से कितने रुपए लिए गए, इसे लेकर जांच जारी है।

एसओजी एडीजी ने बताया कि इन तीनों भर्ती परीक्षाओं में 3 हजार 212 पदों के लिए 9,40,038 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। ये परीक्षाएं 2019 में हुई थी। परीक्षा का परिणाम तैयार करने के लिए ओएमआर शीट्स की स्कैनिंग और डेटा प्रोसेसिंग का काम नई दिल्ली की राभव लिमिटेड को सौंपा गया था। एसओजी की पड़ताल में सामने आया कि कंपनी के कार्मिक ओएमआर शीट की स्कैनिंग के बाद कंप्यूटर सिस्टम के डेटा में छेड़छाड़ कर चुनिंदा अभ्यर्थियों के नंबर में बढ़ोतरी कर देते थे। इसके आधार पर कई अयोग्य अभ्यर्थियों का भी चयन करवाया गया। एसओजी और चयन बोर्ड ने मूल ओएमआर शीट की दोबारा स्कैनिंग की, तो कई गंभीर गड़बड़ियां पाई गई हैं। वहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'प्रशासन यह निर्णय नहीं ले सकता, कौन शंकराचार्य है और कौन नहीं'

## ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने यह सवाल उठाकर पूरे मसले का राजनीतिकरण कर दिया

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के बीच टकराव ने राजनीतिक रूप ले लिया है। राज्य सरकार द्वारा उन्हें एक नोटिस जारी किए जाने के बाद विवाद और गहरा गया, जिसमें उनसे यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि वे स्वयं को शंकराचार्य क्यों कहते हैं।

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित, विपक्षी दल शंकराचार्य के समर्थन में सामने आ गये हैं। इस बीच, शंकराचार्य पिछले 48 घंटों से धरने पर बैठे हैं। राज्य प्रशासन ने उन्हें प्रयागराज में संगम पर, परंपरा के अनुसार पालकी में बैठकर, शाही स्नान करने की

- कांग्रेस के पवन खेड़ा व सपा के अखिलेश यादव ने शंकराचार्य के पक्ष में बयान दिए और योगी सरकार पर सवाल खड़े किए।
- असल में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस भेजा है कि वे खुद को शंकराचार्य क्यों कहते हैं। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया गया, जिसमें कहा गया था कि ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य के पद पर उनका कोई अधिकारिक अभिषेक नहीं हुआ है।

अनुमति देने से इनकार कर दिया था। शंकराचार्य का दावा है कि यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कुछ नीतियों की आलोचना की थी, जिसमें गोमांस का मुद्दा उठाना, राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को अधूरा बताना और माघ मेले में अव्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करना शामिल है।

माघ मेले के दौरान विवाद तब और बढ़ गया, जब राज्य सरकार ने शंकराचार्य परंपरा के अनुसार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान की अनुमति देने से मना कर दिया और कहा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# स्ट्रीट डॉग्स पर मेनका के पॉडकास्ट से सुप्रीम कोर्ट नाराज़

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। पशु अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी पर सुप्रीम कोर्ट ने आज कड़ी टिप्पणी की। आवारा कुत्तों

- पॉडकास्ट में मेनका गांधी की टिप्पणियों व बॉडी लैंग्वेज की सुप्रीम कोर्ट ने सख्त आलोचना की और मेनका के वकील से कहा, ये हमारी उदारता है कि हमने इसे "अवमानना" नहीं माना है।

के मामले में अदालत की टिप्पणियों को लेकर एक पॉडकास्ट में दिए गए उनके बयान और "बॉडी लैंग्वेज" पर अदालत ने गंभीर आपत्ति जताई।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन.वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि यह अदालत की "उदारता"

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ट्रंप ने ग्रीनलैंड और कैनडा को अमेरिका का हिस्सा बताया

## अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में अमेरिका का एक नक्शा शेयर किया, जिसमें ग्रीनलैंड व कैनडा को अमेरिकन क्षेत्र के रूप में दर्शाया गया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। अपनी नव-औपनिवेशिक पागल महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एक कार्टोग्राफिक आक्रमण शुरू कर दिया है। उन्होंने "ट्रुथ सोशल" पर कई संदेश पोस्ट किए हैं, जिनमें यह संकेत दिया गया है कि ग्रीनलैंड अब संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा है।

एक पोस्ट में, ट्रंप ने अमेरिकी मानचित्र की तस्वीर साझा की, जिसमें ग्रीनलैंड और कैनडा को अमेरिकी क्षेत्र के रूप में दिखाया गया था।

पोस्ट में ट्रंप को ओवल कार्यालय में बैठे हुए दिखाया गया है, जहां वे नाटो के कई नेताओं के साथ हैं, जिनमें फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों,

- ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक के बाद एक कई पोस्ट की, जिनमें अमेरिका के साम्राज्यवादी इरादों व ताकत का प्रदर्शन किया गया।
- ट्रंप ने फ्लोरिडा के एक कार्यक्रम में कहा कि डेनमार्क में ग्रीनलैंड को बचाने की ताकत नहीं है, अमेरिका की सेना विश्व में सबसे ताकतवर है। उनका यह बयान संकेत देता है कि वे सैन्य हमला भी कर सकते हैं।
- इसी बीच ब्रिटेन की तीसरी सबसे बड़ी लिबरल डैमोक्रेटिक पार्टी के नेता एड डेवी ने कहा कि ट्रंप अंतर्राष्ट्रीय गैंगस्टर और गुंडे हैं तथा अमेरिका के सबसे भ्रष्ट राष्ट्रपति हैं।

इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन तथा अन्य नेता शामिल हैं।

ट्रुथ सोशल की एक अन्य पोस्ट में, ट्रंप उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ग्रीनलैंड में अमेरिकी ध्वज फहराते हुए दिखाई दे रहे हैं। पास में एक साइनबोर्ड लगा है, जिस पर लिखा है: "ग्रीनलैंड, अमेरिकी क्षेत्र, स्थापित 2026।"

इस बीच, अमेरिकी विदेश नीति की कड़ी आलोचना करते हुए, ब्रिटेन के एक प्रमुख नेता ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को "अंतर्राष्ट्रीय गैंगस्टर", "गंभीर उत्पीड़क" और "अमेरिका का अब तक का सबसे भ्रष्ट राष्ट्रपति" करार दिया। यह टिप्पणी उन्होंने ब्रिटिश संसद में की।

लिबरल डेमोक्रेट के नेता एद डेवी, जो ब्रिटेन की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता हैं, ट्रंप द्वारा इंग्लैंड और उसके यूरोपीय सहयोगियों को "व्यापार-टैरिफ" से जुड़ी धमकियों के बारे में प्रतिक्रिया दे रहे थे,

डेवी ने ट्रंप के राष्ट्रपति काल को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'पेपर लीक की गोपनीय रिपोर्ट कैसे लीक हुई'

जयपुर, 20 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में एसओजी से गोपनीय जांच रिपोर्ट लीक होने को गंभीर माना है। इसके साथ ही अदालत ने एसओजी के मुखिया एडीजी विशाल बंसल को 2 फरवरी को इस संबंध में जानकारी देने को कहा है। एक्टिंग सीजे संजीव

- हाई कोर्ट ने एसओजी के मुखिया को 2 फरवरी तक जानकारी देने के लिए कहा।

प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने ये आदेश राज्य सरकार व अन्य की अपीलों पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान एडीजी विशाल बंसल अदालत में पेश हुए। वहीं अदालती आदेश की पालना में, महाधिवक्ता ने मामले में चल रही जांच

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# फिक्की की वित्तीय वर्ष 26 की तीसरी तिमाही ( अक्टूबर-दिसम्बर 2025 ) की रिपोर्ट काफी उत्साहवर्धक है, भारत के लिए

## इस सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, 91 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर के लोग कहते हैं कि इस तिमाही में उनका उत्पादन बढ़ा है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। औद्योगिक संगठन एफआईसीसीआई (फिक्की) के नवीनतम मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स ने अब तक का सर्वोच्च स्तर छू लिया है, जो व्यापक अर्थव्यवस्था में बढ़ती गति का संकेत देता है। उद्योग संगठन के 68वें त्रैमासिक विनिर्माण सर्वेक्षण के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर 2025 के दौरान 91 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उत्पादन स्तर में वृद्धि या स्थिरता की सूचना दी, जो पिछली तिमाही में 87 प्रतिशत थी। यह तेज सुधार औद्योगिक गतिविधियों में निरंतर पुनरुद्धार और व्यापारिक विश्वास में वृद्धि को दर्शाता है, जिसे हालिया जीएसटी दर कटौतियों से भी आंशिक समर्थन मिला है।

उत्पादन रुझानों में यह सुधार मजबूत घरेलू मांग से भी पुष्ट हुआ। सर्वेक्षण में शामिल 86 प्रतिशत निर्माताओं ने तीसरी तिमाही में ऑर्डर बुक्स के स्थिर रहने पर पिछली तिमाही के मुकाबले बेहतर होने की उम्मीद जताई। इससे संकेत मिलता है कि अंतर्राष्ट्रीय अनिश्चितताओं के बावजूद उपभोग और निवेश मांग बनी हुई है। निर्यात का माहौल भी अधिक सकारात्मक हुआ है, जहां 70 प्रतिशत

- इस उत्पादन बढ़ने का प्रमुख कारण हैं, "डोमेस्टिक डिमांड" भारत की स्थानीय औद्योगिक उत्पाद की बढ़ती हुई मांग।
- इस सुखद समाचार का अर्थ है कि अंतर्राष्ट्रीय अस्थिरता व अनिश्चितता के बावजूद देश में उपभोक्ता के मनोबल व मांग में कमी नहीं आई है।
- शायद डिमांड में कमी नहीं आने का एक कारण, देश में जीएसटी दर कम करना भी हो सकता है।
- अगर यह डिमांड व उत्पादन की बढ़ोतरी का आंकड़ा इसी तरह बरकरार रहा, तो यह गति भारत के लिए विश्व में फैली "वित्तीय अराजकता व अस्थिरता" के माहौल में भी "बफर" का काम करेगी तथा सरकार की आमदनी (रेवेन्यु) को मदद देती रहेगी।

से अधिक उत्तरदाताओं ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में निर्यात के समान या अधिक रहने की उम्मीद जताई है। इससे संकेत मिलता है कि भारतीय निर्माता धीरे-धीरे बाहरी चुनौतियों का सामना कर पा रहे हैं।

यह सर्वेक्षण. जिसमें पूंजीगत वस्तुएं, धातु, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटो कंपोनेंट्स और वस्त्र सहित आठ प्रमुख विनिर्माण क्षेत्रों को शामिल किया गया है, दर्शाता है कि औसत क्षमता उपयोग लगभग 75 प्रतिशत है। यह स्तर निरंतर आर्थिक गतिविधि होने और उत्पादन अंतर के धीरे-धीरे कम होने का संकेत देता है। धातु और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्र उच्च क्षमता उपयोग पर काम कर रहे हैं, जबकि ऑटो कंपोनेंट्स क्षेत्र अभी पीछे है, जो असमान क्षेत्रीय सुधार को दर्शाता है। महत्वपूर्ण रूप से, अगले छह महीनों के लिए निवेश धारणा स्थिर बनी हुई है, हालांकि भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार प्रतिबंध और श्रम उपलब्धता, कच्चे माल की कमी तथा नियामकीय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सतीश पूनिया बैंगलुरु में सहप्रभारी, परनामी, तेलंगाना में

नयी दिल्ली, 20 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पद संभालते ही संगठन को सीधे चुनावी मोड में डाल दिया है। कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने अलग-अलग राज्यों और निकाय चुनावों के लिए जिम्मेदारियां तय कर दीं। उन्होंने विनोद

- भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन ने पहली नियुक्तियाँ की।

तावडे को केरल विधानसभा के लिए चुनाव प्रभारी और शोभा करंडलाजे को सह प्रभारी बनाया है।

बीजेपी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विनोद तावडे को चंडीगढ़ मेयर चुनाव की भी जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा राम माधव को ग्रेटर बेंगलुरु के कारपोरेशन चुनाव का प्रभारी, सतीश पूनिया और संजय उपाध्याय को सह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**जिसे होश है वह कभी घमंड नहीं करता। –कहावत**

# जनमानस में फिर प्रतिष्ठित की जा रही रियासती उपाधियां

भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने के साथ ही भारत में राजाओं, महाराजाओं और नवाबों का औपचारिक युग समाप्त हो गया। देश के सभी नागरिक समान हो गये। संविधान की प्रस्तावना में निहित समता का सिद्धांत केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक संकल्प था। इस संकल्प का अर्थ था कि जन्म, वंश या उपाधि के आधार पर कोई भी व्यक्ति विशेषाधिकार प्राप्त नहीं होगा। फिर भी सात दशकों बाद यदि किसी को हिज़ हाईनेस द महाराज ऑफ... सम्बोधन के साथ सार्वजनिक रूप से स्थापित किया जाता है वह केवल एक संबोधन नहीं, बल्कि संवैधानिक चेतना पर प्रहार होता है। आजादी के बाद भारत ने न केवल ब्रिटिश सत्ता से मुक्ति पाई, बल्कि देशी रियासतों के सामंती ढांचे को भी समाप्त किया। राजस्थान में यह संघर्ष विशेष रूप से कठिन और निर्णायक रहा। किसानों, प्रजामंडल आंदोलनों, समाज सुधारकों और स्वतंत्रता सेनानियों ने राजपूताना की रियासतों में शोषण, बेगार, और लाग-बाग जैसे अत्याचारों के खिलाफ लबा संघर्ष किया। ऐसे में आज उसी भूमि पर महाराजा की औपचारिक वापसी उस पीढ़ी के संघर्षों को बिसराना भी है। राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर बैंच को कुछ महीनों पूर्व आदेश देना पड़ा था कि 'महाराजा, राजा, राजकुमार, नवाब, प्रिंसेस' आदि शाही उपाधियों का प्रयोग नहीं किया जाए। अदालत के समक्ष एक पक्षकार ने अपने नाम के साथमहाराजा, राजकुमार, हिज हाइनेस जैसी उपाधियों का प्रयोग किया था जिसे न्यायालय ने संविधान की भावना के विरुद्ध मानते हुए स्वतः संज्ञान लिया। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि महाराजा कोई नाम नहीं, एक समाप्त हो चुकी सामंती उपाधि है। लेकिन जब इसका सार्वजनिक प्रदर्शन होने लगे तब उनके पीछे के आशय पर सवाल उठने लाजिमी है। यह तर्क दिया जा सकता है कि यह संबोधन सांस्कृतिक या पारिवारिक पहचान से जुड़ा है, संवैधानिक अधिकार से नहीं। लेकिन भाषा कभी निष्पक्ष नहीं होती। भाषा सत्ता का निर्माण करती है। जब किसी को हिज हाइनेस कहा जाता है, तो उसके सामने खड़ा व्यक्ति स्वतः मामूली बन जाता है। यह संबोधन बराबरी के भाव को तोड़ता है और सामाजिक पदानुक्रम को पुनर्जीवित करता है। लोकतंत्र केवल वोट डालने का नाम नहीं है; वह रोजमर्रा की भाषा, व्यवहार और प्रतीकों में भी जीता है। विडंबना यह है कि खुली अर्थव्यवस्था के साथ आई तथाकथित 'अंग्रेजियत' ने इस सामंती पुनरुत्थान को नया आवरण दे दिया है। एयर इंडिया का महाराजा 'लोगो' कभी मुस्कराते हुए झुक कर यात्रियों का स्वागत करता था। वह एक व्यंग्यात्मक, आत्म-आलोचनात्मक प्रतीक था। आज का हिज हाइनेस उस व्यंग्य से मुक्त होकर गंभीर दावे के साथ सामने आता है। बाजार की ब्रांडिंग और विरासत पर्यटन ने राजसी उपाधियों को फिर से 'कूल' बना दिया है। महल होटल बन गए, राजवंश जीवनशैली बन गई और सामंतवाद 'हेरिटेज' में बदल गया।

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के एक ईवेंट के प्रचार पोस्टर पर ऐसा ही सम्बोधन अनेकों को बेचैन कर गया जिसमें हिज़ हाईनेस महाराजा ऑफ जयपुर मुख्य अतिथि बताए गये थे। जहां लेखक, पाठक और विचारक बराबरी के धरातल पर संवाद करते हों वहां यदि कोई व्यक्ति जन्म के आधार पर विशिष्ट बना दिया जाए, तो यह उसे क्या कहा जाए। यह उस व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा है जिसमें भारत में 'राज' को नए-नए रूपों में फिर से स्थापित करने का प्रयास किये जा रहे हैं –कभी संस्कृति के नाम पर, कभी परंपरा के नाम पर, और अधिकतर अंग्रेजी के चमकदार शब्दों के सहारे। लोकतंत्र केवल कानून में नहीं, भाषा में भी जीता है। महाराजा पदवी को भारतीय संविधान मान्यता नहीं देता। 1949 में देशी रियासतों के विलय के बाद राजाओं का राज समाप्त हो गयासंविधान को अंगीकार करते हुए हम भारत के लोगों ने सार्वभौम सत्ता अपने हाथ में ली और अपने भाग्य के नियंता खुद बन गये। हम सब भारतीय लोग अब समान हैं। उनमें किसी प्रकार का भेद नहीं है। मगर इन समाप्त हो गई पुरानी रियासती उपाधियों का उपयोग पारिवारिक समारोहों तक तो ठीक है, किन्तु पुराने रियासती आदर्शों का संपत्ति, स्टारडम और प्रभाव बनाने के लिए उपयोग होना सवाल पैदा करता है। वास्तव में बाज़ार-आश्रित मीडिया द्वारा ब्रिटिश काल के 'राज' को लुभावने और मोहक रूप में प्रस्तुत करना आज के समय की एक गंभीर वैचारिक समस्या बन गया है। यह प्रवृत्ति इतिहास के पुनर्लेखन से अधिक उसके वाणिज्यिक पुनर्पैकेजिंग का उदाहरण है, जहां बाज़ार की ताकतें उपभोक्ता संस्कृति को सरल, रोमांटिक और दृश्यात्मक कथाओं से बढ़ाती हैं। वह फ़िल्में हों, वेब-सीरीज़ हों, टीवी कार्यक्रम हों, या विज्ञापन हों, लाइफ़स्टाइल पत्रकारिता-ऐसी कहानियां गढ़ती है जिनमें ब्रिटिश राज को भव्य इमारतों, रेलों, क्लबों, शालीन अफ़सरों और 'कानून-व्यवस्था' के प्रतीक के रूप में दिखाया जाता है। इस प्रस्तुति में औपनिवेशिक सत्ता एक एस्थेटिक अनुभव बन जाती है, न कि उत्पीड़न का ऐतिहासिक तथ्य। इक्कीसवीं सदी की पीढ़ी ऐसे भारत में बड़ी हुई है जहां समता वाला संविधान, सार्वभौमिक मताधिकार और औपचारिक लोकतंत्र उसकी रोज़मर्रा की सच्चाई रहे हैं। इस पीढ़ी ने न तो जागीरदारी युग की बेगार देखी है, न ही सामंती अत्याचारों की वह क्रूरता झेली है, जिसने कभी आम-जन को जन्मना शासन की अधीनता में बांध रखा था। इतिहास की यही दूरी आज बाज़ार के लिए अवसर बन गई है। बाज़ार सामंतवाद को उसके यथार्थ रूप में नहीं, बल्कि 'रॉयल', 'हेरिटेज' और 'शाही ठाठ' के आकर्षक आवरण में प्रस्तुत करते हुए इतिहास की हिंसा, शोषण और असमानता को सावधानी से छिपा देता है, ताकि उपभोक्ता चमक-दमक, विरासत और गौरव के भ्रम में पड़ा रहे। राजसी ठाट-बाट की चांदनी तानते हुए राजाओं-रानियों की को ब्रांड एंबेसडर, और सामंती सत्ता को लाइफ़स्टाइल प्रोडक्ट में रूपांतरित किया जाता है। यह बाज़ारी प्रस्तुति केवल उपभोग तक सीमित नहीं रहती। वह सामंती अतीत को लगातार महिमामंडित करके इतिहास के कूड़ेदान में फेंकी जा चुकी रियासती सत्ता की नई पीढ़ियों को प्राकृतिक नेतृत्वकर्ता मानने का अहंकार देने लगती हैं। अब तो वे अपनी सामाजिक हैसियत, नाम और प्रतीकात्मक पूंजी के सहारे लोकतांत्रिक राजनीति में भी प्रवेश करने लगे हैं। चुनावी राजनीति में 'रॉयल' पहचान को अनुभव, परंपरा और स्थिरता के रूप में बेचा जाता है, मानो लोकतंत्र किसी वंशानुगत गुण का विस्तार हो। पूर्व राजाओं और उनकी आज की पीढ़ी को वे सभी संविधान प्रदत्त अधिकार उपलब्ध हैं जो अन्य नागरिकों को मिले हुए हैं। असली खतरा तब पैदा होता है जब बाज़ार और मीडिया मिलकर सामंती मूल्यों को लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के विकल्प के रूप में पेश करने लगते हैं। जब समानता के विचार को 'अराजकता' और वंशानुक्रम को 'प्राकृतिक व्यवस्था' की तरह माना जाने लगता है।

**स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस भारत का सपना देखा था, वह ऐसा भारत नहीं था जहां सामंती प्रतीक आधुनिक आयोजनों में सम्मानित हों। उन्होंने ऐसे समाज के लिए संघर्ष किया था जहां सम्मान कर्म से मिले, जन्म से नहीं। आज यदि हम इस फर्क को भूल जाते हैं, तो यह केवल अतीत का नहीं, भविष्य का भी अपमान होगा। यह इतिहास से चयनात्मक स्मृति का भी मामला है।**

इक्कीसवीं सदी की चुनौती यही है कि चमकदार इतिहास-प्रस्तुति और वास्तविक इतिहास के बीच के फर्क को समझा जाए। लोकतंत्र स्मृतिहीनता पर नहीं, बल्कि ऐतिहासिक चेतना पर टिकता है। यदि बाज़ार के बनाए इस 'शाही स्वप्न' को बिना सवाल किए स्वीकार कर लिया गया, तो यह केवल अतीत का पुनरुत्थान नहीं होगा, बल्कि भविष्य की राजनीति में असमानता और अधिनायकवाद की वापसी का रास्ता भी खुलेगा। आधुनिक भारत केवल अंग्रेजी-भाषी अभिजात वर्ग का अनुभव नहीं है। आधुनिक समझ सहज नहीं होती, बल्कि सवाल खड़े करती है। वह वास्तविक संवाद का अवसर देती है। मगर बाज़ार-आश्रित मीडिया केवल अतीत की गलत व्याख्या नहीं करता है, बल्कि वर्तमान की वैचारिक दिशा को भी प्रभावित करता है। यह दर्शकों को सत्ता, शोषण और इतिहास को उपभोक्ता वस्तु की तरह देखने का आदी बनाता है। मीडिया इतिहास को ग्लैमरके तौर पर प्रस्तुत करता है न कि जवाबदेही और विवेक के साथ। 'राज' की चमक के पीछे छिपी लूट, अपमान और प्रतिरोध को ढक दिया जाता है। यह दृष्टि वही औपनिवेशिक तर्क को दोहराती है कि भारत को 'सभ्य' बनाने के लिए 'राज' आवश्यक था। यह प्रवृत्ति उत्तर-औपनिवेशिक आत्मविश्वास की कमजोरी से भी जुड़ी है। सार्वजनिक समारोहों में किसी को महाराजा, महारानी या हिज़ हाईनेस से सम्बोधन कोई व्यक्तिगत भूल या शिष्टाचार की चूक नहीं है, बल्कि उस मानसिकता का संकेत है जिसमें लोकतंत्र के भीतर सामंतवाद को सांस्कृतिक गौरव के रूप में पुनर्स्थापित किया जा रहा है। यह वही मानसिकता है जो मानती है कि इतिहास के नाम पर उपाधियां, राजसी संबोधन और वंशगत श्रेष्ठता आज भी स्वीकार्य हैं। ग्लैमर और वैश्विक मान्यता का प्रदर्शन बना कर विरासतको एक आधुनिकता सजावटी भ्रम बनाना बाज़ार को खूब आता है। लेकिन लोगों के भीतर एक ज़मीर होता है, जो जानता है कि सच्चाई क्या है और चालबाज़ी क्या है। गांधी का यह विचार और अधिक प्रासंगिक हो जाता है कि सत्ता का मूल्य चमक में नहीं, सेवा में होता है। स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस भारत का सपना देखा था, वह ऐसा भारत नहीं था जहां सामंती प्रतीक आधुनिक आयोजनों में सम्मानित हों। उन्होंने ऐसे समाज के लिए संघर्ष किया था जहां सम्मान कर्म से मिले, जन्म से नहीं। आज यदि हम इस फर्क को भूल जाते हैं, तो यह केवल अतीत का नहीं, भविष्य का भी अपमान होगा। यह इतिहास से चयनात्मक स्मृति का भी मामला है। यह इतिहास के री-पैकेजिंग का प्रयासभी है, जहां राजशाही स्मृति लोकतंत्र की भाषा पहनकर मंच पर आती है। खुली अर्थव्यवस्था ने अतीत को ब्रांड बना दिया है-जहां राजसी विरासत एक बिकाऊ छवि है। यह नये मतदाता-ख़ासकर उस पीढ़ी-को आकर्षित करने की कोशिश है जिसने सामंती यथार्थ नहीं जिया। उसके लिए रॉयल एक रोमांटिक कल्पना है, इतिहास नहीं।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# वीबी-जी राम जी का शंखनाद



**गुलाब बत्रा**

भारत के ग्रामीण परिदृश्य में अब राहत के साथ सामर्थ्य और स्थाई संपत्ति के निर्माण का दौर प्रारंभ हो गया है। संसद द्वारा पारित विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 में वर्ष 2047 के विकसित भारत की नींव में रखी गई वह ईंट है, जो गांव, गरीब और किसान को समृद्ध बनाने को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। यह अधिनियम मनरेगा से आगे की यात्रा है। मनरेगा ने दो दशकों तक सुरक्षा तो दी, लेकिन सृजन की गति को आज की वैश्विक और तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप अपेक्षित ऊर्जा प्रदान नहीं कर पाई। किसी भी राष्ट्र की प्रगति तब पूर्ण होती है जब उसकी अंतिम इकाई गांव भी आत्मनिर्भर हो जाए। मनरेगा ने निस्संदेह ग्रामीण संकट के समय एक ढाल का काम किया, लेकिन बदलते समय, जलवायु परिवर्तन के अनिश्चित चक्र और तकनीकी क्रांति ने एक ऐसे ढांचे की मांग की थी जो काम देने के बजाय आजीविका सृजित करने पर केंद्रित हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप, वीबी-जी राम जी अधिनियम ने इसी शून्य को भरने का कार्य किया है। रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करना ग्रामीण परिवारों की क्रय शक्ति और उपभोग सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक साहसिक कदम है।

राजस्थान जैसे विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले प्रदेश में यह अधिनियम एक वरदान बनकर उभरा है। राज्य में मानसून की अनिश्चितता और कृषि कार्यों की मौसमी प्रकृति के कारण अक्सर किसानों और सरकारी श्रम योजनाओं के बीच एक अदृश्य संघर्ष देखा जाता रहा है। कटाई और बुवाई के समय मजदूरों की कमी किसानों के लिए लागत का संकट पैदा करती थी।

अधिनियम की धारा 7(4) इस संघर्ष का एक मास्टरस्ट्रोक समाधान है। मुख्य कृषि मौसम के दौरान वार्षिक 60 दिनों का कार्य-विराम घोषित करने का अधिकार राज्य सरकारों को दिया गया है। यह दर्शाता है कि कानून बनाने वालों ने धरातल की समस्याओं को गहराई से समझा है। यह प्रावधान किसान और मजदूर को प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि एक-दूसरे का सहयोगी बनाता है। रोजगार के 125 दिनों की बढ़ी हुई गारंटी यह सुनिश्चित करती है कि श्रमिक की आय कम न हो, जबकि कृषि क्षेत्र को समय पर श्रम शक्ति उपलब्ध हो सके। यह नीतिगत परिपक्वता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

पत्रकारिता के दृष्टिकोण से देखें तो ग्रामीण योजनाओं की सबसे बड़ी त्रासदी लीकेज और भ्रष्टाचार रही है। पुराने तंत्र में फर्जी मस्टर रोल और बिचौलियों का बोलबाला लोकतंत्र की जड़ों को खोखला कर रहा था। नए अधिनियम ने डिजिटल आर्किटेक्चर को अनिवार्य कानूनी दर्जा देकर भ्रष्टाचार के दरवाजे हमेशा के लिए बंद करने की कोशिश की है।

बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो-टैगिंग और लाइव डैशबोर्ड के माध्यम से अब दिल्ली या जयपुर में बैठा अधिकारी भी दूरदराज के गांव में हो रहे कार्य की वास्तविकता देख सकता है। हालांकि राजस्थान पहले से ही जन-सूचना पोर्टल के माध्यम से पारदर्शिता के मॉडल पर काम कर रहा है, लेकिन अब इस तकनीक-समर्थ निगरानी से कागजी मजदूरों का खेल समाप्त हो जाएगा। यह केवल तकनीक नहीं, बल्कि लोकतंत्र का शुद्धिकरण है।

पुराने ढांचे की एक बड़ी आलोचना यह थी कि इसमें होने वाले कार्य अक्सर मानसून की पहली बारिश में ही बह जाते थे। वीबी-जी राम जी ने इसे बदलते हुए कार्यों को चार ठोस श्रेणियों में विभाजित किया है। इनमें जल सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, आजीविका व संपत्तियां और आपदा तैयारी शामिल हैं। इन श्रेणियों के तहत पश्चिमी राजस्थान के रेतीले धोरों के लिए टांका निर्माण और जोहड़ पुनरुद्धार जल स्वावलंबन के कार्य हों सकेंगे। ग्रामीण हाट और बाजारों को सड़कों से जोड़ना, स्वयं सहायता समूहों के लिए संसाधन केंद्रों का निर्माण और बाढ़ व सूखे से निपटने के लिए स्थाई समाधान जैसे कार्य भी किए जा सकेंगे।

पीएम गति-शक्ति के साथ इस योजना का एकीकरण गांव में बनी एक छोटी सड़क या भंडारण केंद्र राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स ग्रिड का हिस्सा बनना सुनिश्चित करेगा। यह ग्रामीण भारत को ग्लोबल सप्लाई चेन से जोड़ने की एक प्रभावी शुरुआत है। नए अधिनियम में साप्ताहिक भुगतान की व्यवस्था और 14 दिनों से अधिक की देरी पर स्वतः मुआवजे का प्रावधान नौकरशाही की जवाबदेही तय करता है। यह राजस्थान के उन लाखों श्रमिकों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच है जिनकी रसोई की आग दैनिक या साप्ताहिक मजदूरी से जलती है। प्रशासनिक व्यय की सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत करने से राज्य सरकारें तकनीक, प्रशिक्षण और बेहतर निगरानी के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवा सकेंगी। यह अतिरिक्त 3 प्रतिशत निवेश, वास्तव में भ्रष्टाचार को रोकने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने का प्रीमियम है। लोकतंत्र में सोशल ऑडिट के दर्पण में शासन अपना चेहरा देखता है। हर छह महीने में अनिवार्य ऑडिट, डिजिटल साक्ष्यों की सार्वजनिक उपलब्धता और जिला स्तरीय लोकपाल की व्यवस्था की गई है। साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण की बाध्यता ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच एक नई जवाबदेही पैदा की है।

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) 2025 ग्रामीण भारत की गरिमा का घोषणापत्र है। यह अधिनियम बताता है कि सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास एक कार्ययोजना है। राजस्थान के परिप्रेक्ष्य में, यह अधिनियम मरूभूमि की चुनौतियों को अवसर में बदलने का सामर्थ्य रखता है। यह रोजगार को दान के बजाय अधिकार और उत्पादकता से जोड़ता है। यह अधिनियम ग्रामीण भारत के आर्थिक क्षितिज पर एक नया सूर्योदय है।

**–गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार**

# सेवा से संगठन, संगठन से आंदोलन : रोटरी इंटरनेशनल और रोटरी इंडिया की यात्रा



**रोटेरियन सुनील दत्त गोयल**

आज जब विश्व स्वार्थ, प्रतिस्पर्धा और सत्ता-संघर्ष के दौर से गुजर रहा है, ऐसे समय में यदि कोई वैश्विक संगठन निरंतर सेवा, नैतिकता और मानवीय मूल्यों की बात करता दिखाई देता है, तो वह है रोटरी इंटरनेशनल।

रोटरी केवल एक क्लब नहीं, बल्कि बीते एक शताब्दी से अधिक समय में विकसित हुई एक ऐसी सोच है, जिसने यह सिद्ध किया कि समाज-निर्माण के लिए सत्ता नहीं, संवेदनशीलता चाहिए।

**एक विचार से वैश्विक आंदोलन तक :** रोटरी की शुरुआत वर्ष 1905 में अमेरिका के शिकागो शहर से हुई, जब एक युवा वकील पॉल हैरिस ने अपने कुछ मित्रों के साथ मिलकर एक अनौपचारिक समूह बनाया। उद्देश्य था – पेशेवर जीवन की भागदौड़ में खोती जा रही मित्रता, भरोसे और नैतिकता को पुनः स्थापित करना। यही छोटा सा विचार आगे चलकर रोटरी बना – ऐसा मंच, जहाँ लोग पद से नहीं, प्रतिबद्धता से पहचाने जाते हैं। स्वयं से ऊपर सेवा-यह वाक्य केवल नारा नहीं, बल्कि रोटरी की आत्मा है। व्यवसाय, राजनीति और निजी जीवन – हर क्षेत्र में नैतिकता को कसौटी मानने वाला फोर वे टेस्ट रोटरी को विशिष्ट बनाता है।

**रोटरी का वैश्विक विस्तार**

1905 में एक छोटे क्लब से शुरू हुआ रोटरी संगठन धीरे-धीरे दुनिया भर में फैलता गया। 1910 तक रोटरी अमेरिका के बाहर भी पहुँच चुका था। आज रोटरी 190 देशों में सक्रिय है। 14 लाख से अधिक सदस्य है। 45,000 रोटरी क्लब। रोटरी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पर्यावरण, गरीबी उन्मूलन और शांति निर्माण जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक योगदान दिया।

भारत में रोटरी की शुरुआत 1929 में हुई। पहला क्लब था – रोटरी क्लब ऑफ कलकत्ता (अब कोलकाता)। उस दौर में भारत ब्रिटिश शासन में था, लेकिन रोटरी का उद्देश्य राजनीति से अलग रहकर समाज सेवा करना था। धीरे-धीरे रोटरी मुंबई, चेन्नई, दिल्ली और अन्य शहरों में फैलता गया।

**स्वतंत्रता के बाद रोटरी इंडिया का विस्तार :** 1947 के बाद भारत में रोटरी ने तेज़ी से विकास किया।

रोटरी इंडिया ने खासतौर पर इन क्षेत्रों में काम किया : शिक्षा (स्कूल, छात्रवृत्ति, लाइब्रेरी)। स्वास्थ्य शिविर (नेत्र जांच, रक्तदान, अंगदान)। ग्रामीण विकास। स्वच्छता और पेयजल। महिला सशक्तिकरण। कौशल विकास और रोजगार।

**पोलियो उन्मूलनः रोटरी इंडिया की ऐतिहासिक भूमिका**

भारत और दुनिया में रोटरी की सबसे बड़ी पहचान बनी – पोलियो उन्मूलन अभियान। रोटरी ने 1985 में पोलियो प्लस अभियान शुरू किया। भारत जैसे विशाल और विविध देश में यह एक बहुत बड़ी चुनौती थी।

रोटरी इंडिया ने लाखों स्वयंसेवक लगाए। सरकार और डब्लू एच ओ, यूनिसेफ जैसे संगठनों से साझेदारी की दूर-दराज़ गाँवों तक बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स दिलवाए। 2014 में भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया गया, जो रोटरी इंडिया के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि थी।

आज भारत रोटरी का दुनिया का सबसे बड़ा सदस्य देश है। 4,000 क्लब है। 1.5 लाख से अधिक सदस्य।

रोटरी इंडिया आज भी शिक्षा सुधार, डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण, युवा नेतृत्व (रोटरेक्ट, इंटरेक्ट), आपदा राहत (भूकंप, बाढ़, कोरोना जैसी आपदाएँ) में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

**रोटरैक्ट और इंटरैक्टः युवा शक्ति**

– 18 से 30 वर्ष के युवाओं के लिए

– स्कूल स्तर के छात्रों के लिए

इनके माध्यम से रोटरी युवा पीढ़ी में नेतृत्व, सेवा और नैतिक मूल्यों का बीज बोती है। रोटरी केवल एक क्लब नहीं, बल्कि एक वैश्विक विचारधारा है। यह मंच देता है –अच्छे इंसान बनने का। समाज के लिए कुछ लौटाने का। और बिना किसी जाति, धर्म, राजनीति के भेदभाव के सेवा करने का। रोटरी इंटरनेशनल ने दुनिया को यह सिखाया कि अगर इरादे नेक हों, तो सेवा से इतिहास बदला जा सकता है। और रोटरी इंडिया ने यह साबित किया कि सेवा भारतीय संस्कारों की आत्मा है। सेवा, समर्पण और संकल्प की मिसाल बना रोटरी क्लब कुशलगढ़

यदि किसी व्यक्ति में कुछ कर गुजरने की प्रबल इच्छा हो और उसे एक उपयुक्त मंच मिल जाए, तो वह अपने जीवन की सीमित मानी जाने वाली क्षमता से कई गुना अधिक कार्य कर सकता है। यद्यपि यह हर परिस्थिति में संभव नहीं होता। कई बार मंच मिलने के बाद भी व्यक्ति को स्वतंत्र रूप से कार्य करने की आज़ादी नहीं दी जाती, जिससे उसकी संभावनाएँ सीमित रह जाती हैं। लेकिन आज बात ऐसे ही किसी अपवाद की है। बात हो रही है राजस्थान के एक सीमांत कस्बे की, जो गुजरात और मध्य प्रदेश की सीमाओं से लगा हुआ है। लगभग 20,000 की आबादी वाला यह छोटा सा कस्बा कुशलगढ़ आज यह सिद्ध कर रहा है कि इच्छाशक्ति, सामूहिक संकल्प और सही दिशा मिल जाए तो सीमाएँ अपने आप टूट जाती हैं।

यहीं कुछ जागरूक और प्रतिबद्ध लोगों ने मिलकर रोटरी क्लब कुशलगढ़ की स्थापना की। संसाधन सीमित थे, अपेक्षाएँ कम थीं, लेकिन सेवा का भाव प्रबल था। परिणामस्वरूप, इस छोटे से कस्बे में किए गए कार्यों की संख्या और गुणवत्ता दोनों ही यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि सेवा के लिए न तो बड़ा शहर चाहिए और न ही विशाल संसाधन – ज़रूरत होती है तो केवल नीयत और निरंतरता की।

21 अप्रैल 2021 को चार्टर प्राप्त करने वाला यह क्लब (क्लब आइडी – 222494) चार्टर से पहले ही अपनी कार्यसंस्कृति का परिचय दे चुका था। नगर की सबसे बड़ी आवश्यकता को समझते हुए, क्लब ने लगभग 15 लाख रुपये की लागत से एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराकर एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

**सुदृढ़ नींव, सक्षम नेतृत्व :** क्लब की मजबूत आधारशिला रखने का श्रेय इसके संस्थापक पथिक राजेंद्र मेहता को जाता है। चार्टर प्रेसिडेंट राजेंद्र गादीया और चार्टर सेक्रेटरी धर्मेंद्र कंसारा ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान की। वर्तमान सत्र में क्लब का नेतृत्व प्रेसिडेंट रौनक सेठ और सेक्रेटरी अर्पण कटारिया कर रहे हैं, जबकि पूर्व में उत्कृष्ट सेवा देने वाले पास्ट प्रेसिडेंट अर्पण चोपड़ा का योगदान भी उल्लेखनीय रहा है। भविष्य की कमान संभालने के लिए प्रेसिडेंट इलेक्ट यश खाब्या तैयार हैं।

क्लब को निरंतर दिशा देने में मार्गदर्शक मंडल की भूमिका भी अहम रही है, जिसमें मुकेश अग्रवाल, कमलेश कावड़िया, मनोहर कावड़िया, फकरुद्दीन शेख, जितेंद्र राठौर, आशीष नाहटा, नमन सोनी, प्रकाश लबाना, पिंकेश चंडालिया और विपुल जैन जैसे अनुभवी सदस्य शामिल हैं।

**स्वास्थ्य सेवा से सामाजिक सुरक्षा तक :** स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्लब की भूमिका बहुआयामी रही है। प्रतिवर्ष आयोजित मेडिकल कैंपों में 500 से अधिक ओपीडी का लाभ आमजन को मिलता है। पारुल हॉस्पिटल, बड़ौदा के साथ किए गए एमओयू के माध्यम से मरीजों को 40 प्रतिशत तक बिलिंग में छूट दिलवाई जा रही है। कोरोना काल में संचालित रोटरी ऑक्सीजन बैंक ने निःशुल्क सेवा देकर अनेक जिंदगियां बचाईं। वहीं, रोटरी उपकरण बैंक के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को चिकित्सा उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए एन्टी ड्रग कैंपेन चलाया जा रहा है। सरकारी स्कूलों की छात्राओं के लिए निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए हैप्पी किड्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्टेशनरी किट वितरण जैसे कार्यक्रम शिक्षा को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हैं।

क्लब ने सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और चिकित्सा जैसे मुद्दों पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर और आवश्यकतानुसार आंदोलनों के माध्यम से जनहित की आवाज़ भी बुलंद की है। जल संरक्षण के तहत स्कूलों में रोटरी जल मंदिर, चौराहों पर ठंडे पानी की व्यवस्था और जीव-दया हेतु पानी की टंकियां स्थापित की गई हैं। रक्तदान शिविर, पक्षियों के लिए दाना-पानी स्टैंड, गौ-सेवा के अंतर्गत गो-ग्रास वितरण तथा 2500 से अधिक वृक्षारोपण पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

नगर के सभी प्रवेश – निकास बिंदुओं पर रोटरी साइन बोर्ड लगाकर क्लब ने कुशलगढ़ को एक नई पहचान दी है। रोटरी क्लब कुशलगढ़ आज केवल एक सामाजिक संस्था नहीं, बल्कि सेवा की जीवंत प्रयोगशाला बन चुका है। सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर, प्रभावी और ईमानदार प्रयासों से यह क्लब यह सिद्ध करता है कि कस्बा छोटा हो सकता है, लेकिन संकल्प कभी छोटा नहीं होता। क्लब के पदाधिकारी और सदस्य समाजहित में जो कार्य कर रहे हैं, वे न केवल कुशलगढ़ बल्कि पूरे रोटरी परिवार के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। मैं तो सभी रोटेरियंस को ये अनुरोध करूँगा की वे सभी रोटरी क्लब कुशलगढ़ से प्रेरणा लेकर अपने क्लबों को भी और बेहतर करने का प्रयास करें।

**–रोटेरियन सुनील दत्त गोयल**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री।**

# सीएचसी व आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में खामियां मिली

**पावटा,** (निसं)। उपखंड अधिकारी पावटा द्वारा मंगलवार को राजनौता स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग की व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई, जिससे संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

उपखंड अधिकारी पावटा साधना शर्मा ने पीएचसी से क्रमोन्नत सीएचसी में ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, लैब, साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं एवं स्टाफ की उपस्थिति की समीक्षा की, जहां 650 प्रकार की दवाईया व 32 प्रकार की जांचें होना पाया गया। दो चिकित्सक नियुक्त पाए गए, जिसमें एक चिकित्सक प्रतिनियुक्ति पर नारायणपुर में कार्यरत है। वहीं सभी स्टाफ उपस्थित पाया गया। सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, जबकि कई कमियों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। इसके बाद उपखंड अधिकारी साधना शर्मा ने राजनौता क्षेत्र की आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, केंद्र की साफ-सफाई, रजिस्टर संधारण तथा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी की जांच की गई। केंद्र पर लापरवाही सामने आने जिसमें कार्यकर्ता व आशा सहयोगिनी अनुपस्थित पाई गई। केवल एक सहायिका उपस्थित मिली व बच्चे नहीं मिले, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाए ठीक नहीं मिली, जिस पर कड़ी फटकार लगाई गई व बाल विकास अधिकारी पावटा को और आवश्यक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

वही अन्नपूर्णा रसोई पाथरेड़ी का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें संचालिका एवं कंप्यूटर ऑपरेटर अनुपस्थित मिले व एक कार्यकर्ता उपस्थित मिले। अन्नपूर्णा रसोई में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली। जिसके लिए संबंधित विभाग को लिखा गया। उपखंड अधिकारी साधना शर्मा ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं एवं आंगनबाड़ी व अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन को बेहतर सुविधाएं देना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही करने वालों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**बुधवार 21 जनवरी, 2026**

माघ मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, धनिष्ठा नक्षत्र दिन 1:58 तक, व्यतिपात योग सायं 6:58 तक, तैतिलकरण दिन 2:45 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थितिः** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-मकर, बुध-मकर, गुरू-मिथुन, शुक्र-मकर, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज राजयोग दिन 1:58 तक है। रवियोग दिन 1:58 से आरम्भ होगा। आज गौरी तृतीया, व्यतिपात पुण्य, पंचक है। आज से राष्टीय मास और सावान मु. मास आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:59 तक, शुभ 11:19 से 12:38 तक, चर 3:17 से 4:36 तक, लाभ 4:36 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:55

**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कन्या**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

**तुला**
घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में विचार-विमर्श हो सकता है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा।

**वृश्चिक**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

## सार-समाचार

### 'बकाया जल बिल नहीं चुकाया तो पैनल्टी के साथ कनेक्शन कटेगा'

**रतनगढ़** (निसं)। जलदाय विभाग द्वारा क्षेत्र में बकाया जल बिलों की वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) रतनगढ़ के सहायक अभियंता पूजा शर्मा के निर्देशानुसार कनिष्ठ अभियंता विष्णु शर्मा के नेतृत्व में बकाया वसूली अभियान लगातार जारी है। सहायक अभियंता पूजा शर्मा ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से जल बिल की बकाया राशि जमा है, उनसे तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। तय समय में राशि जमा नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं से पैनल्टी व ब्याज सहित वसूली की जाएगी। इसके बावजूद भुगतान नहीं होने की स्थिति में संबंधित उपभोक्ताओं का जल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।अभियान के दौरान टीम के सदस्य विक्रम सिंह,राजकुमार जांगिड़,भंवरलाल, सीताराम सहित अन्य कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को विभागीय नियमों की जानकारी देते हुए समय पर जल बिल जमा करने के लिए जागरूक किया। कनिष्ठ अभियंता विष्णु शर्मा ने आमजन से वार्ता कर कहा कि जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी उपभोक्ताओं का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने अपील की कि किसी भी असुविधा और कठोर कार्रवाई से बचने के लिए समय रहते बकाया जल बिल का भुगतान करें।

### शराब के नशे में पड़ा मिला युवक

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ कस्बे के नंद प्लाजा मार्केट में स्थित जोधपुर मिष्ठान भण्डार के सामने एक युवक को हैरान करने वाला वीडियों सामने आया, जिसमें एक नेपाली युवक शराब के नशे में धूत होकर बहुत देर तक बीच रास्ते में पड़ा रहा। घटना की सूचना मिलने पर पैदल गस्त के दौरान राजगढ थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने मय पुलिस दल के साथ युवक की सूध ली तथा युवक को पानी के छिंटे देकर होश दिलवाया कर सुरक्षित सड़क से उठाकर युवक की सुध ली। इसी दौरान उन्होंने नेपाली युवक को समझाईस करते हुए कहा कि बीच रास्ते पर शराब के नशे में धूत होकर पड़ना आपको किसने सिखाया है। इसी दौरान थानाधिकारी राजगढ राजेश कुमार सिहाग, प्रशिक्षू डीवाईएपी विनोद नैण, एसआई धमेन्द्र सिंह, एसआई कमलेश सैनी सहित उपस्थित पुलिस स्टाफ ने युवक की सूध ली। गोरतलब है कि इसी दौरान नशे में धूत नेपाली युवक की किसी ने सुध नहीं ली, मगर पुलिस ने युवक की सुध लेकर भविष्य में इस प्रकार का कार्य नहीं करने हेतु समझाईस की।

### पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किये

**रतनगढ़** (निसं)। देवकिशन स्मृति सेवा समिति के संरक्षक व कस्बे के उदारमना भामाशाह दिनेश अजीतसरिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन स्वरूप समिति सदस्यों ने ताल बालाजी अन्न क्षेत्र में साधु-संतों को भोजन कराया, चूरू रोड़ स्थित पिंजरापोल गौशाला में निशक्त गौवंश को लापसी खिलाई। तत्पश्चात् ग्राम पायली की श्री मां करणी गौशाला में एक पिकअप चारा प्रदान किया। समिति सदस्यों ने अपना घर में प्रभू जनों को मिष्ठान के साथ भोजन प्रसादी भी अर्पित की। समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने बताया कि आज अन्नपूर्णा रसोई में टोकन भी निःशुल्क रखा है। अजीतसरिया की सेवा परम्परा को उनके पुत्र सुमित अजीतसरिया द्वारा निरन्तर बनाए रखा जा रहा है जिनमें उनके परिसर में संचालित होमियोपैथी चिकित्सालय भी है जहां रोगीयों को उपचार व दवाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही है।इस अवसर पर समिति के विश्वनाथ सोनी, सीताराम दाधीच, नरोत्तम लाल सोनी, देवेन्द्र यादव,खींवाराम खींचड, सांवरमल जांगिड़ योगाचार्य,वैध लक्ष्मीनारायण शर्मा, राधेश्याम पारीक, रणजीत सिंह चौधरी,दिनेश भाटी, राम रतन प्रजापत,सीए भुवनेश इन्दौरिया, सचिन दाधीच, डॉ. वी.पी गोयल, सांवरिया गौभक्त मंडल के रामगोपाल चौधरी, ललित चौधरी पायली के सुपेन्द्र सिंह राठौड व गौशाला समिति का स्टाफ उपस्थित रहा।

### शिविर में 232 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। लक्ष्मणगढ ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाजोद, पाटन ब्लॉक के सीएचसी जीलो में शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि शिविर में 232 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आठ बच्चों को उपचार के लिए रैफर किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाजोद में लगे शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अरविन्द कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रसन्ता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ ईरम शेख, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा अग्रवाल एवं दंत रोग चिकित्सक डॉ सुरेश ढाका ने अपनी सेवाएं दी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीलो में लगे शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मुकेश गुर्जर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पूजा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ कानाराम सैनी, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ लीलाराम एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ देवेन्द्र यादव ने अपनी सेवाएं दी। बुधवार को सीएचसी रोलसाहबसर एवं सीएचसी गणेश्वर में शिविर लगेगा।

### सीपीआर के विभिन्न चरणों की जानकारी दी

**उदयपुरवाटी** (निसं)। निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाग़ोरा में प्रार्थना सभा कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों को सी पी आर के विभिन्न चरणों की जानकारी दी गई। पी ई ई ओ डॉ.सरदार सिंह रेवाड ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पी. एच. सी. बागोरा से विक्रमजीत सिंह सी एच ओ द्वारा विद्यार्थियों,विद्यालय स्टाफ सदस्यों और ग्रामीणजनों को विभिन्न दुर्घटनाओं में घायलों को सी.पी.आर. देने की विभिन्न स्टेप्स की प्रायोगिक जानकारी दी गई। सी एच ओ ने बताया कि सी पी आर,एम्बुलेंस की सुविधा मिलने अथवा चिकित्सक तक पहुंचने से पूर्व तक प्रभावित इंसान को जीवनदान देने की बहुत ही कारगर प्रक्रिया है।इसके साथ ही विभिन्न आयु वर्ग के लोगों द्वारा किसी प्रकार की वस्तु गले में फस जाने पर,सावधानीपूर्वक निकालने का प्रायोगिक तरीका बताया गया।

### भाजपा महिला मोर्चा ने गोपीनाथ गौशाला में गौसेवा की

**सीकर** (निसं)। भाजपा महिला मोर्चा ने गोपीनाथ गौशाला में गौसेवा की भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनिता शर्मा ने बताया कि सबसे बड़ी सेवा गौमाता की सेवा होती हैं इसमे सभी देवी देवता विराजमान होते है जिनके आशीर्वाद से कुशल जीवन चलता है,श्रीमती शर्मा ने कहा परिवार में किसी भी सदस्य का जन्मदिवस,सालगिरह या कोई भी खुशी का माहौल हो तो गौमाता की सेवा करके अपनी खुशियाँ मनानी चाहिए इसी तरह आज भाजपा महिला मोर्चा की बहनो के साथ गोपीनाथ गौशाला में गौ पूजा कर गुड़ व हरा चारा खिलाकर जन्मदिवस पर स्वस्थ जीवन की कामना की,गौसेवा में शारदा काबरा, सोनू सोनी, कामिनी सोमानी, मधुमती कुमावत, भंवरी खोखर, साधना सेठी,उमा सैनी,सावित्री दीक्षित, सपना जैन आदि ने सेवाएं दी।

### हिंदू सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ता कर रहे घर-घर संपर्क

**उदयपुरवाटी** (निसं)। शहर में एक फरवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ता घर घर संपर्क कर रहे हैं। सम्मेलन के लिए कार्यकर्ता दीवारों पर भगवा पेंटिंग बना कर कार्यक्रम का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नगर विस्तारक हिमांशु ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ता घर घर संपर्क कर हर घर से हिन्दू सदस्य इसमें शामिल हो ऐसा प्रयास रहेगा। इसको लेकर कार्यकर्ता दीवारों पर भगवा पेंटिंग बना कर सामूहिक रूप से आमंत्रित कर रहे हैं। इसके लिए सभी कार्यकर्ता लगे हुए हैं। इस दौरान शिवम् बंसल, कृष्ण सैनी, संदीप आदि दीवारों पर पेंटिंग बना रहे हैं।

### शर्मा सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष बने

**तारानगर** (निसं)। तारानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हड़ियाल के सरपंच राकेश शर्मा को सर्व ब्राह्मण महासभा राजस्थान का प्रदेशाध्यक्ष बनाए गए है। प्रदेशाध्यक्ष बनने पर कस्बे की पंचायत समिति के सभागार में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सर्वसमाज के लोगों ने नवमनोनीत प्रदेशाध्यक्ष शर्मा का माला व साफा पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर एसडीएम राजेंद्र कुमार, विकास अधिकारी अशोक कुमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी छगनलाल छिम्पा, प्रशासक अमित सिहाग, राजेंद्र कुमार, दौलतराम, कृष्ण मेघवाल, मनोज व्यास, रमेश पारिक, सुभाष ज्याणी, दिनेश प्रजापत, राजेश कस्वां सहित काफी लोग मौजूद थे।

# जिला कलेक्टर ने खाटूश्यामजी मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली

- **खाटूश्यामजी फाल्गुन लक्खी मेला 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होगा**

**सीकर,** (निसं)। बाबा खाटूश्याम का फाल्गुन लक्खी मेला 21 फरवरी से शुरू हो रहा है। फाल्गुन लक्खी मेला 21 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेले की तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, एसपी प्रवीण नायक ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मेले की व्यवस्थाओं से जुडे संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि बाबा श्याम के लक्खी मेले में आने वाले श्याम भक्तों को सुगमतापूर्वक दर्शन हो, इसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। जिला कलेक्टर शर्मा ने बताया कि मेले में इस बार सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी लोगों को छोड़कर सभी के लिए वीआईपी दर्शन व्यवस्था पूर्णतया बंद रहेगी। खाटू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुगम परिवहन कराने के लिए इस बार क्यूआर कोड जारी किया जाएगा। श्रद्धालु यह क्यूआर कोड स्कैन कर पार्किंग स्थल तक आसानी से पहुंच सकेंगे और सुगमता से बाबा श्याम के दीदार कर सकेंगे।

**ये व्यवस्था रहेगी:-** ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग-अलग जोन बनाए जाएंगे और उनके सीमित संख्या में पास जारी किये जायेंगे तथा बिना पास वाले ई-रिक्शा को सीज करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि मंडा मोड एवं रींगस के खाटू मोड़ से मंदिर तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। छोटी कांच की इत्र की शीशियां बेचने वालों पर अभी से कार्रवाई की जाएगी। सभी सेक्टर में मेडिकल की मोबाइल यूनिट्स स्थापित रहेगी। अग्निशमन एवं एंबुलेंस के लिए इमरजेंसी रास्ते की व्यवस्था की जाएगी।

मेले से संबंधित सभी तरह की अनुमतियां देने एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए श्याम सारथी के नाम से पोर्टल विकसित किया गया है, जिस पर सभी तरह की अनुमतियों के अप्रूवल ऑनलाइन दिए जाएंगे तथा इसी के माध्यम से मेले की समग्र मॉनिटरिंग की जाएगी।

मंदिर एवं मेला परिसर में कुल 44 डिजिटल स्क्रीन्स लगाई जाएगी, जिसके माध्यम से मेले से संबंधित सभी तरह की जानकारियां इन डिजिटल स्क्रीन्स पर साजा की जाएगी। खाटू श्याम जी को जोड़ने वाली सभी अप्रोच रोड्स पर क्यूआर कोड स्कैनर्स लगाए जाएंगे जिनको स्कैन कर संबंधित रूट से आने वाले भक्तगण पार्किंग स्थल का पता कर पाएंगे। मेला अवधि के दौरान श्याम कुंड पूर्णतया बंद रहेगा, मेला अवधि में डीजे पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा।

बैठक में मंदिर को जोड़ने वाली सभी सड़कों का मरम्मत एवं पेचवर्क का कार्य मेले से पूर्व पूर्ण करने, 52 बीघा पार्किंग में सिस्टमैटिक तरीके से वाहनों की पार्किंग करने, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सड़कों एवं पार्किंग से संबंधित स्थलों की जॉइंट विजिट कर आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने, चौमू पुरोहितान में 90 डिग्री कट वाले ब्लैक स्पॉट को दुरुस्त करने, मंदिर कमेटी द्वारा सभी मुख्य मार्गों पर लाइटिंग की व्यवस्था करने, आरएसआरडीसी को नया कंस्ट्रक्शन स्टार्ट नहीं करने, मेला परिसर में सीसीटीवी इंस्टॉल करने, बड़े वाहनों के बजाय आवश्यक सामान के परिवहन के लिए छोटे वाहनों के पास जारी करने, घरेलू सिलेंडर उपयोग होने पर संबंधित पर कार्यवाही करने, मेडिकल कैम्प्स लगाने, ई-रिक्शा के सीमित संख्या में पास जारी करने तथा जिस व्यक्ति के नाम से ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन है उसी का पास जारी करने एवं किराया सूची चस्पा करने, प्रत्येक पार्किंग में अग्निशमन की व्यवस्था करने, सीकर रोडवेज डिपो द्वारा 200 से अधिक बसें चलाने, को मंडा मोड पुलिया का काम दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान जिला परिषद सीकर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ तेजपाल सिंह, एडीएम सिटी भावना शर्मा, नीमकाथाना अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख, रींगस एडिशनल एसपी दीपक गर्ग, रींगस एसडीएम बृजेश गुप्ता, दांतारामगढ़ एसडीएम मोनिका सामोर, खाटू डिप्टी एसपी आनंद राव, खाटू थाना अधिकारी पवन चौबे, श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह, मैनेजर संतोष शर्मा सहित संबंधित विभागों के जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी, मंदिर कमेटी एवं व्यापार संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेता रफीक मंडेलिया व सांसद राहुल कस्वां का जन्मदिन मनाया

**चूरू** (निसं)। कांग्रेस नेता रफीक मंडेलिया व सांसद राहुल कस्वां का जन्मदिन सोमवार को जैन गेस्ट हाउस में गरीब व कमजोर परिवारों को कंबल वितरण कर सेवा भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान 500 जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता रफीक मंडेलिया, पूर्व विधायक कमला कस्वां व इरशाद मंडेलिया का साफा, शॉल व माला पहनाकर रमजान खान व शिवकुमार शर्मा ने भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रमजान खान ने वीरता के प्रतीक के रूप में रफीक मंडेलिया को तलवार भेंट की।



कार्यक्रम में जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता रफीक मंडेलिया ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसरों पर समाज हितैषी कार्यक्रमों से सकारात्मक संदेश जाता है। हमें अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच बनाकर उसके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। राजनीति को सेवा का माध्यम बनाकर ही एक अच्छे व सुंदर समाज का निर्माण संभव है।

पूर्व विधायक कमला कस्वां ने कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक व सेवा आधारित कार्यक्रम समाज में सुखद संदेश देते हैं और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। युवा कांग्रेस के महासचिव वाहिद खान, विक्की खान, रिंकू खान, विनोद सैनी, प्रेम, नदीम राइन व शाहरुख खान ने 31 किलो की माला पहनाकर रफीक मंडेलिया का स्वागत किया। यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रमजान खान ने बताया कि रफीक मंडेलिया व राहुल कस्वां की हमेशा यह भावना रही है कि गरीब को गणेश मानकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचे। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए आज 500 कमजोर परिवारों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में गोविंद महंसरिया, मोहम्मद हुसैन निर्वाण, कमला पुनिया,अबरार खान, लालचंद सैनी, महावीर प्रसाद सैनी, रमेश सैनी, चंपालाल सैनी, ओमप्रकाश सैनी, महेश कुमार सैनी, जगदीश शर्मा, पवन शर्मा, ठाकुर मल शर्मा, योगेंद्र शर्मा, प्रताप सोनी, दीपक सिंधी, बालकृष्ण बंसिया, केशरदेव राठी, दिनेश शर्मा, लालचंद नाई, लक्ष्मीपत यादव,आरिफ सदर, जाकिर प्यारे, इदरीश सब्जिफ़िरोस, अलीशेर सब्जिफ़िरोस, हबीब बिसायती, मुजफ्फर बिसायती, शाहरुख खान, अली मो भाटी, तारिक नागोरी, आबिद मोयल, प्रवीण शर्मा, फारूक, खालिद, विश्वनाथ सैनी, तौफ़ीक़ बिसायती, यूसुफ सिक्का, मुंशी सब्जिफ़िरोस, नदीम राइन, मामदिन सब्जिफ़िरोस, अलीशेर प्यारा, महबूब कुरेशी, आरिफ कुरेशी, आदिल कुरेशी, अजीज खान, महबूब खान, याकूब खान, जंगशेर खान, शमशेर खान, मुस्ताक खान, कमल जांगिड, कुलदीप जांगिड, मांगीलाल वर्मा, उम्मेद श्योराण सहित अनेकजन उपस्थित रहे। शिवकुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# परामर्शदात्री कार्यशाला आयोजित



कार्यक्रम में भामाशाह विजयपाल धुवां उप प्राचार्य बागला विद्यालय द्वारा आए हुए सभी बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया।

**चूरू** (निसं)। मंगलवार को पीएम श्री राजकीय बंगाल उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित संदर्भ कक्ष में विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों ने परामर्शदात्री कार्यशाला में भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरिता आत्रेय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा चूरू, रामनिवास पूनिया, हरिप्रसाद शर्मा ए पी सी एवं अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य बबीता जी सैनी द्वारा की अध्यक्षता की गई। कार्यक्रम में भामाशाह विजयपाल धुवां उप प्राचार्य बागला विद्यालय द्वारा आए हुए सभी बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में विशेष अध्यापक हवा सिंह, प्रिया शेखावत, मंजू रानी, रेनू, विनोद, कुमार, किरण एवं केयर अटेंडेंट मनीष कुमार अलवारिया ने भाग लिया। संदर्भ व्यक्ति अजय कुमार द्वारा आए हुए सभी बच्चों का धन्यवाद दिया गया कार्यक्रम का संचालन संदर्भ व्यक्ति देवेंद्र द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विनय कुमार सोनी ने भी बच्चों को सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में बताया।

# प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**चूरू** (निसं)। जिला स्तरीय स्किल एग्जिबिशन कम कॉम्पीटिशन 2026 का आयोजन मंगलवार को सोती भवन चूरू में किया गया। जिला स्तरीय निर्णायक मंडल में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार महर्षि, सरिता आत्रेय अत्तिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा चूरू हरी प्रसाद शर्मा सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा चुरु मनोज सोलंकी कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा चूरू एंव विजय पाल धुंवा रहे। जिले में व्यावसायिक शिक्षा संचालि (समग्र के 72) विद्यालयों के कल 80 सेक्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा उनके साथ विद्यालय से शिक्षक /कौशल मित्र भी उपस्थित रहे यह प्रतियोगिता कुल 13 सेक्टर में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता हेतु प्री. निर्णायक मंडल का गठन किया गया जिसमें रूपचंद शर्मा, राम प्रसाद परिहार,मनोज कुमार,हेमंत शर्मा, दुष्यंत सिंह धर्मेंद्र सिंह,देवेश कुमार, रजनीश धुंवा, अशोक शर्मा रहे।



जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में विद्यार्थी जो विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे हैं अपने सेक्टर से संबंधित प्रादर्श का निर्माण कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को समृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा इन प्रथम स्थान प्राप्त संभागियों को 27 जनवरी 2026 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी सम्मिलित किया जाना है इनके साथ ही द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान प्राप्त को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा समस्त शेष संभागियो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में इकबाल हसन गोरी, सुरेंद्र कुमार महला, हवा सिंह आरपी, मोहर सिंह शेखावत , आसिफ खान राकेश कुमार अंकित कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# 768 किलोग्राम बेसन सीज

**सीकर** (निसं)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को विभाग की एफएसओ की टीम ने नीमकाथाना में कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ टी शुभमंगला व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत जिले में खाद्य वस्तुओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है।एफएसओ फूलसिंह बाजिया, महमूद अली, सुरेश कुमार शर्मा की टीम ने मंगलवार को नीमकाथाना के औद्योगिक क्षेत्र में नृसिंह इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया। यहां से बेसन का सैम्पल लिया और मिलावट की आशंका पर 768 किलोग्राम बेसन को सीज किया। इस दौरान जोधपुर स्वीट्स होम सिरोही बस स्टैण्ड के यहां से मावा बफी, अन्नपूर्णा मिष्ठान भंडार के यहां से मावा मिठाई का सैम्पल लिया। सभी सैम्पलों को जांच के लिए जयपुर स्थित जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। एफएसओ महमूद अली ने बताया कि नीमकाथाना शहर व सिरोही में मिठाई विक्रेताओं, खाद्य वस्तुओं का कोराबार करने वाले व्यापारियों को एफएसएसएआई के नियमों की जानकारी दी गई।


**कार्यालय नगर पालिका नीमकाथाना**

NEEMKATHANA.JAIPUR@YAHOO.COM PHONE NO. 01574-230035

क्रमांक-न.पा.नीम./2025-26/4576 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-20.01.2026

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपालिका नीमकाथाना में निम्नलिखित व्यक्ति के द्वारा उनके नाम के सम्मुख अंकित प्रयोजन हेतु आवेदन किया गया है। अतः निम्न अंकितानुसार व्यक्ति के आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो नगरपालिका नीमकाथाना में 15 दिवस में मय सबूत अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद गुजरने म्याद नियमानुसार आवासीय से व्यसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन की एकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | विवरण | भू-खण्ड/सम्पत्ति का विवरण जहां स्थित |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री ताराचन्द सैनी पुत्र श्री नारायण राम सैनी एवं श्री सांवरराम सैनी पुत्र श्री झूंथा राम सैनी निवासी वार्ड नं. 14 नीमकाथाना | आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन | खेतडी रोड नीमकाथाना पट्टा संख्या 572 दिनांक 13.01.2009 का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु क्षेत्रफल 283 व.ग. |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका नीमकाथाना

**कार्यालय नगर पालिका नीमकाथाना**

NEEMKATHANA.JAIPUR@YAHOO.COM PHONE NO. 01574-230035

क्रमांक-न.पा.नीम./2025-26/4573-75 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-20.01.2026

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपालिका नीमकाथाना में निम्नलिखित व्यक्ति के द्वारा उनके नाम के सम्मुख अंकित प्रयोजन हेतु आवेदन किया गया है। अत निम्न अंकितानुसार व्यक्ति के आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो नगरपालिका नीमकाथाना में 15 दिवस में मय सबूत अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा म्याद गुजरने पश्चात नियमानुसार आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन की एकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | विवरण | भू-खण्ड/सम्पत्ति का विवरण जहां स्थित |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री सभा चन्द पुत्र श्री ठण्डूराम निवासी नोरंगपुरा तहसील खेतडी झुंझुनू | आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन | एसएनकेपी राजकीय महाविद्यालय के पीछे खेतडी रोड के दाये तरफ बसी कॉलोनी में स्थित आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु क्षेत्रफल 216 व.गज |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका नीमकाथाना

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**आवश्यक सूचना**

दिनांक 21.01.2026 से 24.01.2026 को चुरु से दुधवाखारा रेलवे स्टेशन के बीच बिछाई गई नई दोहरी लाइन पर निरिक्षण ट्रेन चलाई जाएगी और इस दिन के बाद लगातार इस ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन रहेगा । इसलिए स्थानीय लोगों को दिनांक 21.01.2026 को और इसके बाद सावधान रहने की सलाह दी जाती है जिससे इंजन ट्रायल एवं ट्रेनों के आवागमन के दोरान किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके।

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें 109-CR/26

**कार्यालय नगर परिषद सरदारशहर, चूरू (राज.)**

क्रमांक :- न.प.स/ स्टोर शाखा/2025-26/3395-98 दिनांक :- 15.01.2026

**निविदा / निलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण / इच्छुक फर्म / बोलीदाताओ / संवेदको को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद सरदारशहर द्वारा वर्ष 2025-26 में नगरपरिषद क्षेत्र में स्थित कृष्णा बस स्टेण्ड में प्रवेश/निकासी करने वाले वाहनों से प्रवेश/निकासी/पार्किंग शुल्क वसूली हेतु ठेका / निलामी दिनांक 21.01.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक नगरपरिषद मिटिंग हॉल में की जावेगी। इच्छुक व्यक्ति / फर्म निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते है। बोली में भाग लेने से पूर्व निर्धारित अमानत / धरोहर राशि नगरपरिषद कार्यालय में जमा करवानी होगी। निलामी से संबंधित शर्ते निलामी से पूर्व किसी भी कार्यादिवस में नगरपरिषद सरदारशहर कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | न्यूनतम बोली | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगरपरिषद क्षेत्र में स्थित कृष्णा बस स्टेण्ड में प्रवेश/निकासी करने वाले वाहनों से प्रवेश/निकासी/पार्किंग शुल्क वसूली हेतु ठेका | 20,000 | 1,00,000 | 03 वर्ष |

नोट :- निलामी ठेका स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार नगरपरिषद के पास सुरक्षित रहेगा। निलामी की अन्य शर्ते कार्यालय समय में कार्यालय नगरपरिषद में देखी जा सकती है।

सभापति, नगर परिषद् सरदारशहर — आयुक्त, नगर परिषद् सरदारशहर

राज.संवाद/सी/25/18022

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन

मु.नं.15/2026/135 दिनांकः-16.01.2026

सर्वसाधारण को सूचनार्थ।

**नोटिस**

समस्त संबंधित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि राजेन्द्र गिरी पुत्र श्री बलवान गिरी गांव पोस्ट ढिगारला तहसील राजगढ़ जिला चूरु ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अंतर्गत श्री कृष्ण गऊशाला समिति ढिगारला, राजगढ़ जिला चूरु प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे।

और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 16.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.03.2026 निश्चित है।

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग बीकानेर

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

संख्या 277 to 279-25-26

पंत्राक- 580-W/New TMC Siding/BKN

दिनांक- 19.01.2026

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 09.02.2026 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या : 277 कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, सिरसा के क्षेत्राधिकार में विभिन्न आरयूबी में रेजिंग ऑफ रिटेनिंग वॉल, रोड़ सरफेश की मरम्मत, हम्प का प्रावधान, वॉटर सिपेज ट्रीटमेन्ट तथा कवरिंग शेड का प्रावधान इत्यादि कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 65451431.41 **धरोहर राशि :** Rs. 477300.00 **निविदा संख्या : 278 कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, रतनगढ़ के नियंत्रण में वरि. मंडल इंजीनियर / दक्षिण, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में सतनाली, दुधवाखारा, मोलीसर, परसनेउ, बिग्गाबास रामसरा एवं सूडसर स्टेशनों पर नई टीएमसी साईडिंग के प्रावधान के संबंध में नई टीएमसी साईडिंग, छत सहित पाथवे, रेल ग्राईडिंग मशीन हेतु एक्सामिन पिट, अप्रोच रोड इत्यादि का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 68157049.89 **धरोहर राशि :** Rs. 490800.00 **निविदा संख्या : 279 कार्य का नाम व स्थान :** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़ - ।। के नियंत्रण में वरि. मंडल इंजीनियर / उत्तर, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में संगत, हनुमानगढ़, मोहननगर, केसरीसिंहपुर, धोलीपाल व नोहर स्टेशनों पर नई टीएमसी साईडिंग के प्रावधान के संबंध में नई टीएमसी साईडिंग, छत सहित पाथवे, रेल ग्राईडिंग मशीन हेतु एक्सामिन पिट, अप्रोच रोड़ इत्यादि का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत मूल्य :** Rs. 68157049.89 **धरोहर राशि :** Rs. 490800.00 **नोटः-** अन्य शर्ते रेलवे की वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 110-CR/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


**राजस्थान राजपत्र विशेषांक साधिकार प्रकाशित | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary Published by Authority**

आषाढ 23 सोमवार शाके 1947-जुलाई 14, 2025

Asadha 23, Monday, Saka 1947-July 14, 2025

प्रपत्र-7

**धारा-11, भूमि-अर्जनए पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकारी अधिनियम 2013 के अन्तर्गत) नियम 16 का उपनियम-(1द्ध देखें।)**

**प्रारम्भिक अधिसूचना**

Rajkaj 16099034 भूमि-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के अन्तर्गत राज्य सरकार को ऐसा प्रतित होता है कि ग्राम खारिया में परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 की घोषणा संख्या 14.111 दिनांक 10.07.2024 द्वारा घोषित कार्य रेलवे अण्डर ब्रिज द्वारा स्वीकृत रेलवे अण्डर ब्रिज (आर.यू.बी.) अन्तर्गत स्वीकृत मोलीसर रतनगढ रेलवे स्टेशन (312/0-1) के मध्यम आयुबी रतनगढ (चूरू) का निर्माण कार्य विकसित किये जाने हेतु लोक हितार्थ के लिए जिला चूरू, तहसील रतनगढ के संलग्न अनुसूची की सम्बन्ध सारणी के कॉलम 1 से 6 तक में उल्लेखित एक राजस्व ग्राम खारया, हरिपुरा में कुल तीन (03) खसरा नम्बरों का आंशिक भाग का 0.407 हेक्टयर क्षेत्रफल भूमि की जनहित में आवश्यकता है। जिसे अधिग्रहित किया जाना अत्यावश्यक है।

**प्रारम्भिक अधिसूचना**

भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के अन्तर्गत राजस्थान भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 में सामाजिक समाघात आंकलन अध्ययन की प्रक्रिया विहित है परन्तु इस संबंध में संबंधित ग्राम पंचायत गौरीसर से परामर्श किये जाने पर यह जाहिर किया गया है कि उक्त कार्य क्षेत्र में कोई निर्माण अथवा आवास नहीं होने से पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन की आवश्यकता नहीं होगी तथा विस्थापित होने वाले परिवारों की संख्या शून्य है। इसलिए सामाजिक समाघात आंकलन (Social Impact Assessment) अध्ययन भी नहीं किया जाना समाचीन प्रतीत होता है। अत उपर्युक्त परियोजना के लिए जिला चूरू, तहसील रतनगढ के ग्राम खारिया, हरिपुरा में कुल 0.407 हेक्टेयर भूमि अधिसूचित की जाती है।

अधिग्रहित की जाने वाली भूमि की अनुसूची से सम्बन्ध सारणी (सार संक्षेप)

| क्र. सं. | जिला | तहसील | राजस्व-ग्राम/नगर का नाम | प्रभावित भूमि: कुल खसरों की संख्या | प्रभावित भूमि: क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | चूरू | रतनगढ | खारिया,हरिपुरा | 03 | 0.407 |

भूमि योजना का निरीक्षण भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी रतनगढ जिला चूरू के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के कार्यावधि में किया जा सकता है।

भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 12 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार सार्वजनिक निर्माण विभाग, रतनगढ एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को अपने श्रमिकों सहित यदि कोई हो, को प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने तथा तलमापन करने अवमृदा के भीतर खोदने या भेदन करने तथा वह समस्त कार्य, जो धारा 12 में वर्णित है, को करने के लिए प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11(4) के अधीन कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा और न ही किसी से करवायेगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा परन्तु विशेष परिस्थितियों में आवश्यक होने पर ही अर्थात क्रय/विक्रय, रहन, स्वरूप/शीर्षक/भूउपयोग परिवर्तन सम्बन्धित कार्य इस अधिसूचना के जारी होने के पश्चात बिना भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, रतनगढ जिला चूरू की पूर्वानुमति के नहीं करेगा।

इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिवस में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार को भूमि अर्जन से संबंधित कोई आपत्ति है तो अधिनियम की धारा-15 के अन्तर्गत आपत्ति भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी रतनगढ जिला चूरू के समक्ष प्रस्तुत की जा सकेगी।

अतः एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि संलग्न अनुसूचित में उल्लेखित राजस्थान सरकार के परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 की घोषणा संख्या-14.111, दिनांक 10.07.2024 द्वारा घोषित कार्य रेलवे अण्डर ब्रिज द्वारा स्वीकृत सेतु बंधन योजनान्तर्गत स्वीकृत रेलवे अण्डर ब्रिज (आर.यू.बी.) मोलीसर रतनगढ रेलवे स्टेशन (312/01) के मध्य आयुबी रतनगढ (चूरू) निर्माण/विकास के लिए जनहित में अर्जित किया जाना अत्यावश्यक है।

आर.के.लूथरा
संयुक्त सचिव (पथ)
सार्वजनिक निर्माण विभाग,
राजस्थान, जयपुर

DIPR/C/501/2026

# प्रदेश में हुये अलग-अलग सड़क हादसों में दस लोगों की मौत, 23 जने घायल

**जयपुर के चंदवाजी थाना इलाके में, जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाइवे-125 पर व सूरतगढ़-छतरगढ़ मार्ग पर हुये हादसे**

## चंदवाजी में सड़क पर खड़े कंटेनर में कार घुसी, तीन की मौत, सात घायल

**मानपुरा माचैड़ी, (निसं)।** जयपुर-दिल्ली नेशनल हाइवे-48 पर मंगलवार को चंदवाजी थाना इलाके में बीलपुर के पास जयपुर से दिल्ली की ओर जा रही एक कार सड़क पर खड़े कंटेनर में घुस गई। कंटेनर में घुसी कार पूरी तरह से पिचक गई और कार में सवार दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई व बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। कार में महिलाएं व बच्चे भी सवार थे। हादसे में कार सवार मां-बेटे और बहू की मौके पर ही मौत हो गई। खड़े कंटेनर में घुसी कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से खत्म हो गया। हादसे में कार सवार सात लोग गंभीर घायल हुए हैं। इनमें बच्चे और महिलाएं शामिल हैं।

- कार सवार सभी लोग उतर प्रदेश के डिबलूगंज निवासी थे और खाटू श्यामजी दर्शन कर वापस लौट रहे थे
- प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की स्पीड ज्यादा थी, कार सवार महिला व अन्य लोग उसमें ही फंस गए

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की स्पीड ज्यादा थी। कार में सवार महिला और अन्य लोग उसमें ही फंस गए। हादसा चंदवाजी पुलिया से एक किलोमीटर पहले हाइवे पर बिलपुर में हुआ। जयपुर की ओर से एक कार दिल्ली की तरफ जा रही थी। कार में महिला-बच्चों सहित 8 जने सवार थे। हाइवे पर किनारे खड़े कंटेनर में अचानक आउट ऑफ कंट्रोल होकर कार पीछे से घुस गई। कार में फंसे घायलों को गंभीर हालत में निम्स हॉस्पिटल भिजवाया, जहां डॉक्टर्स ने वाराणसी के डिबुलगंज की रहने वाली पूजा सिंह पत्नी विवेक कुमार, बसंती पत्नी हरिशंकर, विवेक कुमार पुत्र हरिशंकर को मृत घोषित कर दिया। तेज स्पीड में हुई टक्कर के कारण कार का इंजन बाहर निकल गया। अगला हिस्सा लगभग दो टुकड़ों में बंट गया।

**7 लोग गंभीर घायल :-** पुलिस के अनुसार कार सवार परिवार खाटूश्यामजी के दर्शन कर वापस लौट रहा था। हादसे में कार में बैठे विकास (34) पुत्र हरिशंकर, आदिति (34) पत्नी विकास कुमार, निकी पत्नी (28) अवध बिहारी, सिबू (2) पुत्र विवेक कुमार, कुकु (18 महीने) पुत्री विकास कुमार घायल हुए हैं। ये सभी लोग डिबुलगंज (वाराणसी) के रहने वाले हैं। वहीं, अंशू (19) पुत्री प्रेम कुमार, दीपराज (23) पुत्र प्रेमकुमार निवासी फूला रायबरेली के रहने वाले हैं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और कंटनेर को जब्त कर लिया है। आशंका है कि ओवर स्पीड के साथ ही कार ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ है।

चंदवाजी थाना प्रभारी हीरालाल सैनी ने बताया कि कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के डिबलूगंज (बनारस) निवासी थे और खाटूश्यामजी दर्शन कर वापस लौट रहे थे। जयपुर की ओर से एक कार दिल्ली की तरफ जा रही थी। हाईवे पर पहले से खड़े कंटेनर में कार पीछे से घुस गई।



चंदवाजी थाना इलाके में बीलपुर के पास एक कार सड़क पर खड़े कंटेनर में घुस गई।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थाना क्षेत्र में ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई तथा दूसरा युवक घायल हो गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सविना थानाक्षैत्र मेलड़ी माता हाईवे रोड़ पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मेघवालों का मोहल्ला सराड़ा सलूम्बर निवासी अर्जुन पुत्र शंकरलाल मेघवाल की मौत हो गई तथा साथी दिपेश पुत्र रतनलाल निवासी जूथरी सिमलवाड़ा डूंगरपुर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। अर्जुन व दिपेश दोनों बाइक पर वलिचा से प्रतापनगर की तरफ जा रहे थे। जहां बीच रास्तें में पिछे से आ रहे ट्रक से हादसा हो गया ।सूचना मिलने पर हेड कांस्टेंबल अमरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## जोधपुर में बस-ट्रेलर की टक्कर में चार लोगों की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में बस और ट्रेलर की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई और 16 जने घायल हो गए। हादसा जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाइवे-125 पर केरु गांव में मुलानाडा रॉयल्टी नाके के पास मंगलवार शाम 4:30 बजे हुआ। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला। घायलों को एंबुलेंस से जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल पहुंचाया। बस में सवार सभी लोग गुजरात के अरवल्ली जिले के रमाना रूपण गांव के रहने वाले हैं। वे रामदेवरा (जैसलमेर) में बाबा रामदेव के दर्शन कर गुजरात लौट रहे थे। हादसे के दौरान एक बाइक सवार भी चपेट में आ गया। उसके पैर का पंजा कटकर अलग हो गया।

- हादसे में 16 जने घायल हो गए, एमडीएम हॉस्पिटल में उपचार जारी
- रामदेवरा में बाबा रामदेव के दर्शन कर गुजरात लौट रहे थे बस सवार

शास्त्री नगर थानाधिकारी जुल्फिकार ने बताया कि बस में 20 लोग थे। इनमें रावल विनू भाई (50) पुत्र चिमन भाई निवासी इंद्रा नगर वसानीरेल साबरकांठा, सुरेश (36) पुत्र लाला भाई निवासी तालुकाडा अरवल्ली, वीनू भाई पुत्र मारोसा और जयेश पुत्र मारोसा की मौत हो गई। बस सवार 16 घायलों का एमडीएम हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**सूरतगढ़, (निसं)।** सूरतगढ़-छतरगढ़ मुख्य मार्ग पर देर रात हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई। हादसे के बाद टक्कर मारने वाली पिकअप जीप का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान मांगीलाल पुत्र कालूराम निवासी (लालगढिया) और राजाराम पुत्र किशनाराम के रूप में की गई है।

राजियासर थाना के हेड कॉन्स्टेबल रामेश्वरलाल सहारण ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक बाइक पर जा रहे थे। छतरगढ़ की दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप जीप से उनकी बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवारों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर राजियासर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों का मुआयना किया और उन्हें सूरतगढ़ के उप जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। मंगलवार दोपहर बाद परिजनों की उपस्थिति में दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया गया और फिर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। हेड कॉन्स्टेबल ने बताया कि मृतक मांगीलाल के ताऊ पृथ्वीराज पुत्र लालूराम जाट ने थाने में परिवाद देते हुए पिकअप ड्राइवर पर लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने का आरोप लगाया है।

## कच्ची दीवार गिरने से दिव्यांग की मौत

**सरमथुरा, (निसं)।** क्षेत्र के खरौली गांव में कच्ची दीवार गिरने से एक दिव्यांग व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार सुबह लगभग नौ बजे हुई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय पप्पू मीना पुत्र रामभजन के रूप में हुई है। वह एक पैर से विकलांग था।

ग्रामीणों ने बताया कि पप्पू अपने घर के पास स्थित एक कच्ची दीवार को पार कर रहा था, तभी वह ढह गई और वह उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तुरंत सरमथुरा थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल पप्पू मीना को सरमथुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इस दौरान अस्पताल में थाने के एएसआई लखन सिंह मौजूद रहे।

## 1100 करोड़ की सायबर ठगी करने वाले पांच शातिर गिरफ्तार

**गिरोह के तार भारत से लेकर कंबोडिया, सिंगापुर और मलेशिया तक जुड़े हुए हैं**



जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय एक बड़े सायबर फ्रॉड सिंडिकेट का पर्दाफाश का आरोपियों को गिरप्तार किया।

- ये अपराधी भारतीय सिम काड्र्स का उपयोग कर व्हाट्सएप के जरिए लोगों से संपर्क करते थे और इन्वेस्टमेंट व ट्रेडिंग के नाम पर उन्हें अपना शिकार बनाते थे
- ठगी में प्रयुक्त सिमों को कंबोडिया पहुंचाने वाले चार मलेशियाई नागरिकों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया

**जोधपुर/जयपुर।** जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय एक बड़े सायबर फ्रॉड सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई में अब तक करीब 1100 करोड़ रुपये की ठगी का खुलासा हुआ है। इस गिरोह के तार भारत से लेकर कंबोडिया, सिंगापुर और मलेशिया तक जुड़े हुए हैं।

पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के निर्देशन में हुई इस जांच में सामने आया कि ठगों का मुख्य अड्डा कंबोडिया में है। ये अपराधी भारतीय सिम काड्र्स का उपयोग कर व्हाट्सएप के जरिए लोगों से संपर्क करते थे और इन्वेस्टमेंट व ट्रेडिंग के नाम पर उन्हें अपना शिकार बनाते थे। तकनीकी विश्लेषण में पाया गया कि ये भारतीय सिम कंबोडिया के प्रीह सिहानोक जैसे इलाकों में एक्टिव थी।

**सिम कार्ड की तस्करी और रिवर्स ट्रेल से खुला राज :-**पुलिस ने जब संदिग्ध सिमों की रिवर्स ट्रेल और डेटा विश्लेषण किया। जांच में करीब 2.30 लाख मोबाइल सिम का डेटा खंगाला गया। भारतीय सायबर क्राइम समन्वय केंद्र (4) की मदद से पता चला कि लगभग 36,000 भारतीय सिमें कंबोडिया में रोमिंग पर चल रही थी। इनमें से केवल 5,300 सिमों के जरिए ही देश के विभिन्न राज्यों में 1100 करोड़ की ठगी को अंजाम दिया गया।

**ऐसे बनाई जाती थी फर्जी सिम :-** गिरोह की कार्यप्रणाली बेहद शातिर थी। गिरफ्तार आरोपी प्रकाश भील और उसके साथी मोबाइल सिम बेचने वाली दुकानों (पीओएस) पर भोले-भाले ग्राहकों को निशाना बनाते थे। ग्राहक का फिंगरप्रिंट या फोटो सही से स्कैन न होने का बहाना बनाकर वे एक के बजाय दो सिम एक्टिव कर लेते थे। ग्राहक को एक सिम दी जाती और दूसरी ये गिरोह अपने पास रख लेता था, जिसे बाद में ऊंचे दामों पर मलेशियाई नागरिकों के जरिए कंबोडिया भेजा जाता था।

पुलिस ने इस मामले में अब तक पांच मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें सिम डिस्ट्रीब्यूटर और एजेंट शामिल हैं। इनमे नागौर निवासी हेमन्त पंवार सिम डिस्ट्रीब्यूटर, रामावतार राठी सिम विक्रय एजेंट, अजमेर निवासी हरीश मालाकार, जोधपुर निवासी मोहम्मद शरीफ और लुधियाना, पंजाब निवासी संदीप भट्ट शामिल है। मामले में एक आरोपी प्रकाश भील को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। ठगी में प्रयुक्त सिमों को कंबोडिया पहुंचाने वाले चार मलेशियाई नागरिकों (ली जियान हुई, लो डी खेन, चिन यु मिंग और लियोंग केन नेथ) के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओजी) जारी किया गया है।

इस अंतरराष्ट्रीय गिरोह ने पूरे भारत में जाल बिछा रखा था। महाराष्ट्र में 248.21 करोड़, तमिलनाडु में 225.50 करोड़, दिल्ली में 73.67 करोड़, तेलंगाना में 73.43 करोड़ , कर्नाटक में 71.79 करोड़, राजस्थान में 25.71 करोड़ कुल 1102 करोड़ रुपये की 5378 मोबाइल नंबरों से ठगी की गई। पुलिस अब कंबोडिया में चल रही सभी 5000 संदिग्ध सिमों और उनके व्हाट्सएप को ब्लॉक करवाने की तैयारी कर रही है। इस मामले की गहराई से जांच के लिए आयुक्तालय स्तर पर एक विशेष एसआईटी का गठन किया गया है।

## सट्टा किंग के अवैध भवन को ध्वस्त किया

**करौली, (निसं)।** पिछले लंबे समय से चर्चित रहे करौली नगर परिषद की पूर्व सभापति रशीदा खातून के पुत्र सट्टा किंग और करौली दंगा के आरोपी अमीनुद्दीन खान के अंबेडकर सर्किल स्थित अवैध तीन मंजिला भवन को नगर परिषद प्रशासन ने भारी पुलिस जाब्ता के बीच और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार नगर परिषद की पूर्व सभापति रशीदा खातून के पुत्र अमीनुद्दीन खान ने यहां के अंबेडकर सर्किल के पास एक तीन मंजिल भवन का अवैध निर्माण किया जिसकी शिकायत पिछले लंबे समय से चली आ रही थी। गत दिनों अमीनुद्दीन खान ऑनलाइन सट्टा के आरोप में हिंडौन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद करौली में गत 2 अप्रैल 2022 को नव संवत्सर की रैली में हुए पथराव के मुख्य मास्टरमाइंड के आरोप में करौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।


**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**
फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website- www.npkarauli.in

क्रमांक : न0परि0क0/निविदा/2025/4612 दिनांक : 09.01.2026

**संशोधित ई-निविदा सूचना**

नगरपरिषद करौली द्वारा आमंत्रित ई-निविदा सूचना संख्या 4263 दिनांक : 19.12.2025 की तिथिओं में निम्न प्रकार संसोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | तिथिओं का विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 15.01.2026 समय 6:00 पीएम तक | 22.01.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि व समय | 16.01.2026 समय 1:30 पीएम तक | 23.01.2026 समय 02:00 पीएम तक |

राज.संवाद/सी/25/17959 आयुक्त, नगरपरिषद, करौली

**कार्यालय नगर पालिका सीसवाली जिला बाराँ (राज.)**

क्रमांकः-न0पा0सी0/सफाई/2026/2053-54 दिनांकः- 15.01.2026

**ई-निविदा-सूचना**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 2043-44 दिनांक 13.01.2026 के द्वारा कुल 3 कार्य की अनुमानित लागत 147.76 लाख की किसी भी राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 के अन्तर्गत पंजीकृत संवेदको से ऑनलाईन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| Work No. | UBN No. | Work No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB30560 | 3 | DLB2526WSOB30562 |
| 2 | DLB2526WSOB30561 | | |

राज.संवाद/सी/25/18000 अधिशाषी अधिकारी

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2025-26/747 दिनांक 15.01.2026

**ई- निविदा-सूचना सं0 174/2025-26**

नगर निगम बीकानेर की ओर से Construction of 5.0 MLD SPS near Petrol Pump, Nigam Road with 10 years O&M कार्य के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में नियमानुसार श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.sppp.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की अनुमानित लागत :-465.35 लाख

UBN Number :- DLB2526WSOB30627

राज.संवाद/सी/25/18032 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर

**कार्यालय नगर परिषद बून्दी**

क्रमांकः- 75 दिनांकः- 08.01.2026

**-:: निविदा सूचना ::-**

नगर परिषद बून्दी द्वारा जारी निविदा सं0: न0प0बू0/निर्माण/2025-26/75 दिनांक 08/01/2026 की निविदा दिनांक 10/01/2026 से दिनांक 28/01/2026 15.00 बजे तक ऑनलाईन विक्रय की जावेगी। निविदा दिनांक 29/01/2026 को 15.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा निविदा दिनांक 29/01/2026 को 16.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। विस्तृत शर्तें व विवरण निविदा sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in पर DLB2526WSOB29809, DLB2526WSOB29810, DLB2526WSOB29811, DLB2526WSOB29812, DLB2526WSOB29815, DLB2526WSOB29816, DLB2526WSOB29817, DLB2526WSOB29818, DLB2526WSOB29819, DLB2526WSOB29820, DLB2526WSOB29821, DLB2526WSOB29822, DLB2526WSOB29823, DLB2526WSOB29825, DLB2526WSOB29826, DLB2526WSOB29827, DLB2526WSOB29829, DLB2526WSOB29830, DLB2526WSOB29831, DLB2526WSOB29832, DLB2526WSOB29833, DLB2526WSOB29834, DLB2526WSOB29835, DLB2526WSOB29836, DLB2526WSOB29837, DLB2526WSOB29838, DLB2526WSOB29839, DLB2526WSOB29840, DLB2526WSOB29841, DLB2526WSOB29842, DLB2526WSOB29843 तथा कार्यालय समय मे किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद मे देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/17946 आयुक्त नगर परिषद, बून्दी

Visit us: www.mpuat.ac.in; Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com; Mo. No.: 9413044271/8209938201

**कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा**
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327 001

क्रमांक: एफ( )/कृअके/2025-26/251-54 दिनांक: 19/01/2026

**निविदा सूचना (2025-26)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाडा, के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 27.01.2026 प्रातः 1.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 2.00 बजे तक जमा की जाकर अपराह्न 2.30 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू). | धरोहर राशि (रु.) | निविदा शुल्क (रु.) |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट, फार्म बांसवाड़ा पर कृषि संबंधित विभिन्न कार्य | 4,20,000.00 | 8,500.00 | 500/- |

हस्ता/-
संभागीय निदेशक अनुसंधान

**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**
फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com

क्रमांक : 4653 दिनांक : 12.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण एवं उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों/निविदादाताओं को सूचित किया जाता हैं कि नगरपरिषद करौली 01 वर्ष अवधि हेतु निम्न टैण्डर आमंत्रित करना चाहती हैं, जिस हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई टैण्डरिंग के माध्यमसे ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण व शर्तें www.sppp.raj.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| कुल निविदा कार्य | ट्रैक्टर ट्रॉली मय डीजल एवं ड्राईवर (ऑपरेटर) लगाने /उपलब्ध कराने का कार्य | जेसीबी मय डीजल एवं ड्राईवर (ऑपरेटर) लगाने /उपलब्ध कराने का कार्य | परिषद क्षेत्र में टैण्ट व्यवस्था का कार्य |
|---|---|---|---|
| निविदा की लागत | 25.00 लाख | 25.00 लाख | 50.00 लाख |
| धरोहर राशि | 50,000/- | 50,000/- | 98,000/- |
| निविदा शुल्क | 1000/- रूपये | 1000/- रूपये | 1000/- रूपये |
| निविदा प्रोसेसिंग शुल्क | 500/-रूपये | 500/-रूपये | 500/-रूपये |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने /डाउनलोड की तारीख | दिनांक 13.01.2026 समय 4:00पीएम से 29.01.2026 समय 6:00पीएम0 तक | | |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि | 29.01.2026 समय 6:00 पीएम0 तक | | |
| ऑनलाईन बिड खोलने की तारीख | 30.01.2026 समय 02.30 पीएम0 | | |
| निविदा प्रपत्र व शर्ते डाउनलोडिंग बेबसाईट | eproc.rajasthan.gov.in | | |
| कार्य की समयावधि | 01वर्ष | | |
| UBN. - | DLB2526SLOB30380 | DLB2526SLOB30382 | DLB2526WSOB30387 |

राज.संवाद/सी/25/17957 प्रशासक नगरपरिषद, करौली आयुक्त नगरपरिषद, करौली

**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**
फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website- www.npkarauli.in

क्रमांक : 4682 दिनांक : 13.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत अनुभवी संवेदकों/सप्लायर्स/प्लेसमेंट एजेंसियों को सूचित किया जाता हैं कि नगरपरिषद करौली में वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक ठेके/अनुबंध किये जाने है। जिस हेतु ई-टैण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 31.01.2026 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण व शर्तें www.sppp.raj.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| S. No. | Particulars | Detail | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Works | ऑटो टिपर/बाईक रिक्शा/डम्पर प्रेशर/रोड स्वीपर/ट्रैक्टर ड्राईवर एवं जेसीबी ऑपरेटर लगाने का कार्य | सहा0कर्म0/तामील कुलिन्दा/बागवान/चौकीदार/कनि0 सहा0 लगाने का कार्य | परिषद में कार्यालय उपयोग हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर लगाने का कार्य | परिषद में फायरमैन व फायर वाहन चालक उपलब्ध कराने का कार्य | आश्रय स्थल पर केयर गिवर्स/शैल्टर मैनेजर लगाने का कार्य |
| 2 | Estimate Cost of Tender | 25.00 | 25.00 | 20.00 | 20.00 | 4.50 |
| 3 | Earnest money (EMD) 2% | 50000/- | 50000/- | 40000/- | 40000/- | 9000/- |
| 4 | Cost of tender document (non-refundable) In favor of Commissioner Municipal Council Karauli Payable at Karauli | 1000/- | 1000/- | 1000/- | 1000/- | 500/- |
| 5 | RISL Processing Fees (non-refundable) In favor of MD RISL Payable at Jaipur. | 500/- | 500/- | 500/- | 500/- | 500/- |
| 6 | Tender Publication on official web site http;//eproc.rajasthan.gov.in | 15.01.2026 Time 2:00 PM | | | | |
| 7 | Tender download start date | Date 15.01.2026 Time 2:00 PM | | | | |
| 8 | Bid Submission start date & Time | Date 15.01.2026 Time 2:00 PM To Date 31.01.2026 Time 6:00 PM | | | | |
| 9 | Online Bid Submission End date & Time | Date 31.01.2026 Time 6:00 PM | | | | |
| 10 | Last Date Submission DD (Dimand Draft ) end Docoment | Date 02-02-2026 Time 2:30 PM | | | | |
| 11 | Technical bid opening date & Time | Date 03.02.2026 Time 2:00 PM | | | | |
| 12 | UBN No. | DLB2526SLOB30392 | DLB2526SLOB30393 | DLB2526SLOB30394 | DLB2526SLOB30395 | DLB2526SOB30396 |

निविदादाताओं को निविदा शुल्क/बोली प्रतिभूति एवं प्रोसेसिंग फीस www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर भौतिक रूप से कार्यालय में जमा कराने पर ही निविदा को मान्य किया जावेगा। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदको को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। ई-टेण्डरिंग में न्यूनतम दर को स्वीकार की जायेगी।

प्रशासक नगरपरिषद, करौली आयुक्त नगरपरिषद, करौली
राज.संवाद/सी/25/17955

**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**
फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website- www.npkarauli.in

क्रमांक : न0परि0क0/निविदा/2025/4616 दिनांक : 09.01.2026

**संशोधित ई-निविदा सूचना**

नगरपरिषद करौली द्वारा आमंत्रित ई-निविदा सूचना संख्या 4403 दिनांक : 19.12.2025 की तिथिओं में निम्न प्रकार संसोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | तिथिओं का विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 16.01.2026 समय 6:00 पीएम तक | 21.01.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 1:00 पीएम तक | 22.01.2026 समय 02:00 पीएम तक |

राज.संवाद/सी/25/17958 आयुक्त, नगरपरिषद, करौली

**Office of the Executive Engineer, PHED Distt Rural Div I Bikaner**
Email ID- eepheddn1bkn@gmail.com Contact No. 0151-2941473
No. 4040-4059 Date: 16.01.2026

**Notice Inviting Bid: 85-93/2025-26**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 29.01.2026 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 203.20 Lacs.
UBN NO. PHE2526WSOB10865, PHE2526WSOB10866, PHE2526WSOB10867, PHE2526WSOB10868, PHE2526WSOB10869, PHE2526WSOB10870, PHE2526WSOB10871, PHE2526WSOB10872, PHE2526WSOB10873

*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*

(Ram Prakash Meena)
Executive Engineer
PHED, Distt (R) Div I Bikaner
DIPR/C/747/2026

**Office of the Superintendent Engineering Watershed Development and Soil Conservation, Karauli**
File No. ()/2593-97 Date: 13.01.2026

**NOTICE INVITING BID**
**NIB NO. 35/2025-26 YEAR 2025**

Bids for Talab Talai, ECD, Mqt, LSCD, ECD, Pakka check dam, PB, Recharge shaft, RTWHS, Talab Renovation e.t.c. of PMKSY 2.0 Block-Todabhim & Mandrail estimated value INR 173.91 Lacs (94.45+79.46) are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 22.01.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc).
NIB CODE: WSC2526A1307, UBN NO. WSC2526WSRC02287, WSC2526WSRC02288

Superitending Engineer
Watershed Development and Soil
Conservation Department, Karauli
DIPR/C/964/2026

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जन स्वा.अभि.विभाग नगर वृत्त कोटा**
Phone No. 0744-2501104 Email: secirele.kot.phed@rajasthan.gov.in

**ई-निविदा सूचना संख्या 34 से 37/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपयुक्त पंजीकृत संवेदकों से निविदा संख्या 34 से 37/2025-26 हेतु ई-निविदा द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in एवं http.//eproc.rajasthan.gov.in पर देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है। http.//eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 09.01.2026 प्रात 9.00 बजे से 22.01.2026 सायं 6.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदा दिनांक 22.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे उक्त वेबसाईट पर कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। इस निविदा सूचना संख्या 34 से 37/2025-26 में कुल 04 कार्य है, जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 130.00 लाख है।
NIB CODE NO. : PHE2526A5165, PHE2526A5166, PHE2526A5167, PHE2526A5168
UBN CODE NO. : PHE2526WSRC10575, PHE2526WSRC10576, PHE2526WSRC10577, PHE2526WSRC10578
Mobile No. : 96368-88713

(दीपक कुमार झा)
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा.अभि.विभाग
नगर वृत्त कोटा
DIPR/C/607/2026

# राज्य के 2839 गिरदावर सर्किलों पर ग्राम उत्थान शिविर लगाएगी भजनलाल सरकार

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में राज्य सरकार जल्द करेगी ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 का आयोजन



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- इन शिविरों में तार बंदी, पाईप लाईन, फार्म पौण्ड, बैलों से खेती योजना की प्रोत्साहन राशि की स्वीकृतियां, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, बीज मिनिकिट वितरण का सत्यापन, फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पम्प संयंत्र इत्यादि की स्वीकृतियां और मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा।

**जयपुर (कासं)।** भजनलाल सरकार, राज्य के 2839 गिरदावर सर्किलों पर ग्राम उत्थान शिविर लगायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति के कल्याण के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में, राज्य सरकार शीघ्र ही 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 2026' का आयोजन करेगी। इसमें प्रगतिशील किसानों और पशुपालकों की सहभागिता सुनिश्चित कर उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के क्रम में प्रदेश के प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर 23 जनवरी से ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, ये शिविर दो चरणों में आयोजित किए जाएंगे। बसंत पंचमी के शुभ अवसर 23 जनवरी को प्रथम चरण की शुरूआत होगी, जिसमें 24, 25 व 31 जनवरी को शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं, दूसरे चरण में 1 फरवरी एवं 5 से 9 फरवरी तक इनका आयोजन होगा। इस प्रकार 10 दिनों तक प्रदेशभर में 2 हजार 839 शिविर प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रदेशभर में आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों से पहले 22 जनवरी को ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को ग्राम उत्थान शिविरों में होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी।

इन शिविरों में तार बंदी, पाईप लाईन, फार्म पौण्ड, बैलों से खेती योजना के अन्तर्गत प्रोत्साहन राशि की स्वीकृतियां, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, बीज मिनिकिट वितरण का सत्यापन करने के साथ ही फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पम्प संयंत्र इत्यादि की स्वीकृतियां और मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा।

किसान क्रेडिट कार्ड एवं नए कस्टम हायरिंग सेंटर संबंधी कार्य, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुपालकों का पंजीकरण एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करना, फर्टिलिटी किटों का वितरण, प्राइमरी डेयरी कॉपरेटिव सोसायटी एवं डेयरी कॉपरेटिव सोसायटी के पंजीयन के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत निर्मित आवासों में लाभार्थियों का गृहप्रवेश करवाया जाएगा। वहीं, वीबी जी राम जी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार और पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना का सर्वे कार्य पूरा किया जाएगा।

इसी प्रकार स्वामित्व कार्डों का वितरण, नहरों एवं खालों की मरम्मत की आवश्यकताओं का चिन्हीकरण, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत पंजीकरण एवं युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य कार्य किए जाएंगे।

इन शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित 12 विभाग भाग लेंगे।

कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को शिविरों का नोडल विभाग बनाया गया है, जो सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए इन शिविरों के माध्यम से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करेगा।

# विदेशी पर्यटकों से भरी ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश नाकाम

## जयपुर में महाराजा एक्सप्रेस टूरिस्ट ट्रेन को डिरेल करने की कोशिश

-कार्यालय संवाददाता-

- सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी हॉस्पिटल स्थित रेलवे फाटक के पास अज्ञात व्यक्तियों ने रेलवे ट्रैक पर रखी थी भारी लोहे की एंगल
- हालांकि लोको पायलट की सतर्कता के चलते ट्रेन समय रहते रुक गई, जिससे ट्रेन में सवार विदेशी पर्यटकों सहित सभी की जान बच गई

**जयपुर।** विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली बड़ी साजिश जयपुर में नाकाम हो गई। महात्मा गांधी हॉस्पिटल स्थित रेलवे फाटक के पास अज्ञात व्यक्तियों ने महाराजा एक्सप्रेस टूरिस्ट ट्रेन को डिरेल करने के लिए रेलवे ट्रैक पर भारी लोहे की एंगलें रख दीं। हालांकि लोको पायलट की सतर्कता के चलते ट्रेन समय रहते रुक गई, जिससे ट्रेन में सवार विदेशी पर्यटकों सहित सभी की जान बच गई और बड़ा हादसा टल गया। इस संबंध में आरपीएस की ओर से शिवदासपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आरपीएफ सीनियर डीएससी ओंकार सिंह ने बताया कि महाराजा एक्सप्रेस, जो दिल्ली से आगरा होते हुए सवाई माधोपुर से जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन आ रही थी। जो सांगानेर-शिवदासपुरा स्टेशन के बीच लोहे की एंगलों से टकराने ही वाली थी। लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन रोककर कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम डॉग स्क्वॉयड और स्पेशल फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और पटरी से एंगल हटाकर ट्रैक सुरक्षित किया। मौके पर एंगल पर सिमेंट ब्लॉक भी लगे हुए थे। अधिकारियों के मुताबिक, अगर ट्रेन इससे टकराती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

डीएससी ओंकार सिंह ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिवदासपुरा थाने में जानबूझकर ट्रेन को डिरेल करने की साजिश के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि किसी नशेडी ने एंगल को ट्रैक पर रखा और दो ब्लॉक तोड़ते समय ट्रेन के आने के कारण छोड़कर भाग गए। मामले की गहन जांच आरपीएफ और स्थानीय पुलिस की मदद से जारी है। महाराजा एक्सप्रेस में कुल 23 कोच थे, जिसमें 21 विदेशी पर्यटक और कई ट्रेन कर्मचारी सवार थे। ट्रेन को रोकने के कारण ट्रैक पर करीब 35 मिनट तक रुकी रही।

# रीको में 98 पदों पर भर्ती होगी

**जयपुर।** राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (रीको) ने युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर प्रदान करते हुए विभिन्न संवर्गों के 98 पदों पर भर्तियां निकाली हैं।

रीको की इस नई भर्ती के अंतर्गत कम्पनी सचिव, सहायक नगर नियोजक, प्रोग्रामर, सहायक लेखाधिकारी-द्वितीय, कनिष्ठ विधि अधिकारी, निजी सहायक ग्रेड-द्वितीय, प्रारूपकार एवं कनिष्ठ सहायक जैसे महत्वपूर्ण पद शामिल है। कम्पनी सचिव, सहायक नगर नियोजक एवं प्रोग्रामर प्रत्येक के 1 पद पर भर्ती की जा रही है।

सहायक लेखाधिकारी-द्वितीय के 21 पद, कनिष्ठ विधि अधिकारी के 4, निजी सहायक ग्रेड-द्वितीय के 8 पद, प्रारूपकार के 8 एवं कनिष्ठ सहायक के 54 पदों पर भर्ती की जा रही है। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 21 जनवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक किए जा सकेंगे। गौरतलब है कि इससे पूर्व रीको द्वारा सिविल कैडर में 39 सहायक स्थल अभियंता पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

रीको राजस्थान सरकार का प्रमुख उपक्रम है, जो राज्य में औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना, उनके संचालन एवं रखरखाव तथा उद्योगों को ऋण उपलब्ध कराने का कार्य करता है। वर्तमान में रीको के 33 इकाई कार्यालयों के माध्यम से 445 औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा चुके हैं। राज्य के प्रतिष्ठित उपक्रम रीको में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए यह एक शानदार अवसर है। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, नियम एवं शर्तें, परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश एवं अन्य सभी आवश्यक जानकारियां रीको की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# राज्यपाल ने देश के विभिन्न प्रांतों के आदिवासी युवाओं से किया संवाद

## आदिवासी युवा उच्च शिक्षा के बाद उच्च सेवाओं में जाने के लिए मन से प्रयास करे : हरिभाऊ बागड़े



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को लोकभवन में ओडिसा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और झारखंड से आए आदिवासी युवा प्रतिभागियों को श्रेष्ठ कार्यक्रम प्रस्तुतियों पर सम्मानित किया।

**जयपुर (कासं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को लोकभवन में ''आदिवासी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम'' के अंतर्गत ओडिसा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड आदि प्रांतों से आए आदिवासी युवा प्रतिभागियों से संवाद किया।

राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि ग्रामीण और आदिवासी युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने और परस्पर विचार विनिमय की दृष्टि से युवा आदान प्रदान कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आदिवासी युवाओं को उच्च शिक्षा के बाद उच्च सेवाओं में जाने के लिए परीक्षाएं देने और सफल होने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी युवा मन बनाकर उच्च शिक्षा, व्यवसाय और उच्च सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के प्रयास करें। इसी से आदिवासी समाज तेजी से आगे बढ़ सकेगा। बागडे ने युवाओं को नशे और व्यसन से दूर रहने का भी आव्हान किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को अशक्त करता है। इससे शारीरिक और मानसिक क्षमता का नाश होता है। उन्होंने भारत की संस्कृति को विश्व की प्राचीनतम संस्कृति बताते हुए कहा कि विविधता होते हुए भी हमारी श्रद्धा और भक्ति एक है। भारत की संस्कृति मनों को जोड़ने वाली है।आरम्भ में भारत सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से प्रायोजित इस युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के बिहार, झारखंड और ओडिसा के प्रतिभागियों ने अपने अनुभव भी सुनाए। युवाओं ने आदिवासी संस्कृति से जुड़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। राज्यपाल ने आदिवासी संस्कृति के श्रेष्ठ कार्यक्रम देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया।

# वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर राज्यभर में चार चरणों में होंगे विशेष कार्यक्रम

**जयपुर (कासं)।** अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव कला एवं संस्कृति, प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर राज्यभर में चार चरणों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत द्वितीय चरण में कार्यक्रमों का आयोजन 19 से 26 जनवरी तक किया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने बताया कि गणतंत्र दिवस के दिन जयपुर में राज्यपाल के आतिथ्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही राज्य के सभी जिला मुख्यालयों, ब्लॉक मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों तथा स्कूल-कॉलेजों में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के पश्चात बड़े पैमाने पर सामूहिक वंदे मातरम् गायन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, स्थानीय अधिकारी, प्रमुख हस्तियां और नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। द्वितीय चरण में 19 से 26 जनवरी तक राज्य के विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड की सहभागिता के साथ वंदे मातरम् गायन होगा।

# पाबंदी के बावजूद जर्जर स्कूल भवनों के उपयोग पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई

## अदालत ने शिक्षा निदेशक को कोर्ट में हाजिर होकर जवाब पेश करने के आदेश दिए हैं

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के जर्जर सरकारी स्कूल भवनों के उपयोग पर पाबंदी के बावजूद इसका उपयोग करने पर नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा है कि आगामी 2 फरवरी को प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशक अदालत में पेश हो। वहीं अदालत में शपथ पत्र पेश कर बताए कि अदालती रोक के बावजूद भी जर्जर स्कूल भवनों का उपयोग कैसे किया जा रहा है।

वहीं हाल ही में बूंदी जिले में सरकारी स्कूल की छत किन परिस्थितियों में गिरी। जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने यह आदेश झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने के बाद लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान न्यायमित्र ने एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का उल्लेख करते हुए बताया कि बूंदी के भैंसखेड के सरकारी स्कूल की छत गिरी है। स्कूल में उस समय करीब तीस छात्र मौजूद थे और वे कुछ देर पहले की बाहर बैठे थे। यदि वे अंदर होते तो बडी घटना हो सकती थी।

इस पर अदालत ने कहा कि विभाग के अधिकारी बार-बार यह आश्वासन दे रहे हैं कि छात्रों को सुरक्षित माहौल में पढाई के लिए हर संभव कार्रवाई की जा रही है, लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। अदालत ने गत 22 अगस्त को आदेश जारी कर जर्जर स्कूलों का उपयोग करने पर रोक लगाई थी। इस पर विभाग ने अदालत को आदेश की पालना करने की बात भी कही थी, लेकिन इस आदेश की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। इसके अलावा अदालत की ओर से पूर्व में कई बिंदुओं पर दिए राज्य सरकार से शपथ पत्र मांगा गया था, लेकिन बीते कई महीनों से अदालत में न तो शपथ पत्र दिया जा रहा है और ना ही देरी का कारण बताया जा रहा है।

# डॉ.मोहन भागवत आज जयपुर दौरे पर

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 21 से 23 जनवरी तक दो दिवसीय प्रवास पर जयपुर आएंगे। अपने दौरे के दौरान वे सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभाग कर महत्वपूर्ण संदेश देंगे। डॉ. मोहन भागवत 21 जनवरी को विमान से जयपुर पहुंचेंगे और इसके बाद किशनगढ़ जाकर रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 22 जनवरी को वे छोटी खाटू में आयोजित भव्य मर्यादा महोत्सव में भाग लेंगे, जहां जैन धर्माचार्य आचार्य महाश्रमण के साथ उनकी सहभागिता रहेगी। इस आयोजन को सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों के संदेश के रूप में देखा जा रहा है। महोत्सव में सहभाग के पश्चात डॉ. भागवत जयपुर लौटेंगे और रात्रि विश्राम जयपुर में करेंगे। 23 जनवरी 2026 को वे प्रात: विमान से जयपुर से प्रस्थान करेंगे।

# भीलवाड़ा, बाड़मेर, टोंक और सिरोही के 93 बजरी खनन पट्टों के ई-नीलामी आदेश पर रोक

## राजस्थान हाईकोर्ट ने यह रोक लगाते हुए पूछा है कि ''राज्य सरकार बताए बजरी का पुनर्भरण कैसे होगा?''

**जयपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के चार जिलों भीलवाड़ा, बाडमेर, टोंक और सिरोही के करीब 93 बजरी खनन पट्टों के ई-नीलामी आदेश को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को रिपोर्ट तैयार करने को कहा है कि जिस स्थान से बजरी निकाली जाएगी, वहां बजरी का पुनर्भरण कैसे होगा। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार यह रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश करे और चाहे तो मामले में सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका में इस रिपोर्ट को रखे। अदालत ने कहा कि नियमानुसार एक बार खनन की अवधि पूरी होने के बाद वहां अगले पांच साल खनन नहीं होता है। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश डॉ. बृजमोहन सपूत कला संस्कृति सेवा संस्थान की जनहित याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने पूर्व में सभी पक्षों की बहस सुनकर जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

जनहित याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकर शर्मा और अधिवक्ता अलंकृता शर्मा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट और केन्द्रीय एंपावरमेंट कमेटी की सिफारिश की अवहेलना करते हुए इन खनन पट्टों के ई-नीलामी निकाली। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2021 में सीईसी की रिपोर्ट को मंजूरी दी थी, जिसमें स्पष्ट प्रावधान किया था कि एक बार खनन अवधि पूरी होने के बाद वहां अगले पांच साल के लिए खनन काम नहीं होगा। जिससे इस अवधि में नदी में प्राकृतिक रूप से बजरी का पुनर्भरण हो सके। इसके बावजूद राज्य सरकार ने 12 से 100 हेक्टेयर तक के छोटे ब्लॉक बनाकर पुराने खनन क्षेत्रों को फिर से नीलाम कर दिया। ऐसे में एक ही खनन क्षेत्र में बीते एक दशक से बजरी खनन हो रहा है। याचिका में कहा गया कि इससे नदी का तल गहरा हो रहा है और भूजल स्तर भी तेजी से गिर रहा है। वहीं नदी किनारे की जमीन बंजर हो रही है। याचिका में कहा गया कि प्रदेश में 12 मासी नदियां नहीं है, जिससे मानसून में भी इनका पूरी तरह से पुनर्भरण नहीं होता। वहीं अत्यधिक खनन से मछली पालन स्थल भी समाप्त हो रहे हैं। सुनवाई के दौरान अदालत ने तीन अधिकारियों की कमेटी भी बनाई थी, लेकिन कमेटी के गलत निष्कर्ष निकालने पर कोर्ट ने उसकी रिपोर्ट को नहीं माना।

# पत्नी को फैमिली पैंशन देने के आदेश

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि यदि कोई महिला वैधानिक रूप से मृतक सरकारी कर्मचारी की विधवा है, भली ही वह उसका विवाह नाता प्रथा से हुआ हो तो भी वह फैमिली पेंशन की अधिकारी है।

अदालत ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत यदि समुदाय की परंपरा से विवाह हुआ है तो उसे वैध माना जा सकता है। अदालत ने माना की सेवा नियमों के तहत यदि कोई महिला मृतक कर्मचारी की विधिक रूप से पत्नी है तो केवल नामांकन नहीं होने के आधार पर उसे फैमिली पेंशन से वंचित नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को फैमिली पेंशन अदा करने को कहा है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश राम प्यारी सुमन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रोहित कुमार ने कहा कि पूरण लाल सैनी का पटवारी पद से रिटायर होने के बाद दिसंबर 2020 में निधन हो गया था। पहली पत्नी के निधन के बाद पूरण लाल ने याचिकाकर्ता से नाता प्रथा से विवाह किया था। परिणाम स्वरूप उसने एक पुत्री को भी जन्म दिया था। वहीं वैवाहिक विवाद के कारण फैमिली कोर्ट ने उसे भरण पोषण भी दिलाया था। इस दौरान पूरण लाल ने कोर्ट में याचिकाकर्ता को अपनी पत्नी भी स्वीकार किया था। ऐसे में उसे फैमिली पेंशन दिलाई जाए।

# राजधानी में फिर कोहरे की दस्तक



राजधानी जयपुर में बीते दो दिनों से आसमां में छाये बादलों से तापमान में बढ़ोतरी थी, परंतु मौसम में अचानक आए बदलाव के बाद मंगलवार सुबह हल्की ठंड के साथ शहर में घना कोहरा छाया।

# 'मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में तीसरा बजट भी होगा माइलस्टोन'

**जयपुर (कासं)।** कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि आज राजस्थान अपूर्व विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आगामी 28 जनवरी से राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र प्रारंभ हो रहा है। पूर्व के दो बजट राजस्थान के लिए माइलस्टोन साबित हुए हैं, जिनसे लोगों की अपेक्षाओं से कहीं अधिक कार्य हुए। इसी प्रकार यह आगामी बजट भी राजस्थान के विकास में एक नया माइलस्टोन सिद्ध होगा। विपक्ष की भूमिका पर बोलते हुए जोगाराम पटेल ने कहा कि विपक्ष लोकतंत्र की ताकत है। उनसे विनम्र अनुरोध है कि राजस्थान के विकास के लिए सकारात्मक सहयोग करें, विकास के मुद्दों पर अपनी राय और विजन प्रस्तुत करें। केवल सुर्खियों में बने रहने के लिए नकारात्मक भाव और अशोभनीय भाषा का प्रयोग न करें।मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार जनता के हित में निरंतर कार्य कर रही है। विपक्ष इन कार्यों की तुलना करते हुए सुझाव दे, लेकिन केवल बयानबाजी से बचें। सदन का पटल जन-उपयोगी एवं विकास के मुद्दों के लिए होना चाहिए। श्रद्धेय भैरों सिंह शेखावत एवं शिवचरण माथुर के समय का जो गौरवपूर्ण इतिहास रहा है, उसी परंपरा का अनुसरण किया जाना चाहिए। मंत्री पटेल ने कहा कि विपक्ष को विधानसभा का उपयोग जनता के हितों के लिए करना चाहिए तथा अपनी अंदरूनी खींचतान को सार्वजनिक मंच पर नहीं लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट सत्र ऐतिहासिक होगा-कार्य अवधि और कार्य दोनों ही दृष्टि से। तर्क-वितर्क के साथ सदन का उपयोग राजस्थान की जनता के हित में किया जाना चाहिए।

# भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के निर्विरोध निर्वाचन पर आतिशबाजी




भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के निर्विरोध निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को जयपुर स्थित प्रदेश मुख्यालय में भव्य उत्सव आयोजित हुआ। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ो, आतिशबाजी और भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जेपी नड्डा जिंदाबाद, नितिन नबीन जिंदाबाद के नारों के साथ खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया।

# छबड़ा में स्कूल की निर्माणाधीन दीवार भरभराकर गिरी, बड़ा हादसा टला

## गिरने वाली निर्माणाधीन दीवार के समीप ही कक्षा-कक्ष में विद्यार्थी बैठे हुए थे

**छबड़ा,** (निसं)। बापचा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सेवनखेड़ी में मंगलवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई। जब स्कूल की निर्माणाधीन दीवार अचानक भराभरा कर गिर गई। गनीमत रही कि इस गंभीर घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, क्योकि गिरने वाली निर्माणाधीन दीवार के समीप ही कक्षा-कक्ष में विद्यार्थी बैठे हुए थे। यह घटना स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए मामले की जांच करने के लिए निर्देश दिए हैं।

जानकारी अनुसार स्कूल के जीर्ण-शीर्ण भवन का मरम्मत आदि का कार्य चल रहा था। इसी दौरान यह घटना हुई। जिस समय निर्माण कार्य चल रहा था, उसी के समीप बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। दीवार गिरते ही स्कूल परिसर में एकाएक रूप से हड़कंप मच गया। गनीमत यह रही कि स्कूली बच्चे और कार्य कर रहे श्रमिक बाल-बाल बच गए, अन्यथा झालावाड़ के पिपलोदी जैसा बड़ा हादसा घटित हो सकता था। घटना के बाद शिक्षकों ने त्वरित बच्चों की छुट्टी कर दी। बापचा मंडल अध्यक्ष हेमराज लोधा ने बताया कि यह घटना एक चेतावनी है कि स्कूल भवन की सुरक्षा और रखरखाव में लापरवाही के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होने प्रशासन से मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की।



बापचा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सेवनखेड़ी में निर्माणाधीन दीवार अचानक भराभराकर गिर गई।

- विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने दीवार गिरने की घटना पर नाराजगी जताई, कार्रवाई के निर्देश दिए

**जांच के लिए पहुंचे अधिकारी:-** घटना की जानकारी मिलने पर तहसीलदार यादवेंद्र ने मौके पहुंचकर घटना से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। वही, बारां से भी समसा की एईएन, जेईएन की टीम मौके पर पहुंच गई थी जिसने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने कहा कि निर्माण व विकास कार्यों में अनिमितताएं व भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा, विशेषकर स्कूलों से जुड़े निर्माण कार्यों में। उन्होंने सेवनखेड़ी स्कूल की दीवार गिरने के मामले में संवेदक की कार्यप्रणाली पर कड़ा आक्रोश जताया और शिक्षा व पीडब्ल्यूडी सहित अन्य एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण व विकास कार्यों में अगर अनियमितता या लीपा-पोती की तो संबंधित कार्रवाई के लिए तैयार रहें। आमजन व स्कूली बच्चों के जीवन व सुरक्षा से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा।

# नशीला पदार्थ पिलाकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**नोखा,** (निसं)। थाने में दो युवकों के खिलाफ एक विवाहिता का अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म, गहने और नगदी लूटने और बंधक बनाने का मामला दर्ज किया गया है। फलोदी जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर यह जीरो नंबरी एफआईआर दर्ज हुई है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह इलाज और आंखों की जांच के लिए अपने गांव से नोखा आई थी। नोखा में उसकी मुलाकात हरीश मेघवाल से हुई। हरीश ने उसे बाजार आने को कहा। इसके बाद हरीश पीड़िता को एक होटल में ले गया, जहां उसे नशीला पदार्थ मिला हुआ ठंडा पेय पिलाया गया। पेय पीने के बाद पीड़िता को सिर भारी लगने लगा। इसी दौरान महेंद्र नामक एक अन्य व्यक्ति भी वहां पहुंचा। आरोपियों ने उसे टैक्सी में बिठाकर दूसरी जगह ले जाकर दोबारा नशीला पानी पिलाया, जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में आरोपियों ने पीड़िता के पास से 11 हजार रुपए नकद, सोने की रखड़ी और एक तोला वजन का लॉकेट छीन लिया। इसके बाद दोनों आरोपी उसे बीकानेर और डूंगरगढ़ घुमाते रहे और लगातार नशीला पदार्थ देते रहे। बाद में उसे बीकानेर में एक किराए के कमरे में करीब 20 दिन तक बंधक बनाकर रखा गया, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया और लगातार नशीली गोलियां दी जाती रही। जब नशे का असर कम हुआ, तो पीड़िता ने अपने गहनों और रकम के बारे में पूछा, जिस पर आरोपियों ने सामान लौटाने से इनकार कर दिया। मौका पाकर पीड़िता ने किसी तरह अपने पति को फोन कर होटल का पता बताया। सूचना मिलने पर पति और परिजन मौके पर पहुंचे और उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसे अश्लील वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जांच नोखा सीओ जरनैल सिंह कर रहे हैं।

- महिला का अपहरण कर 20 दिन बंधक बनाया, गहने-नगदी भी लूटी

# राज. राज्य अन्तर्जिला सिविल सेवा प्रतियोगिता में जयपुर की टीम उपविजेता रही




समारोह में कोटा कलैक्टर पीयूष सामरिया ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

**कोटा/जयपुर।** 17 से 19 जनवरी तक कोटा में आयोजित राजस्थान राज्य अन्तर्जिला सिविल सेवा प्रतियोगिता में 26 जिलों की टीम ने भाग लिया, जिसमें से जयपुर जिले की टीम ने कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। कप्तान निकुंज छीपा के नेतृत्व में जयपुर जिला की टीम ने शानदार खेल दिखाया। टीम के अन्य सदस्यों में खिलाड़ी राजेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. अनिल यादव , राहुल मीना, मेजरदीन, रणवीर सिंह, अजय एवं मैनेजर प्रकाशचंद थे। कोटा कलैक्टर पीयूष सामरिया ने समापन समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

# अलवर के सरकारी स्कूल में शिक्षक का शव मिला

**अलवर,** (निसं)। अलवर में सरकारी स्कूल में टीचर (शिक्षक) का शव मिला है। शिक्षक छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंचा तो वापस स्कूल में देखा गया। इस दौरान एक कमरे में शव मिला। मामला थानागाजी के किशोरी गांव में संस्कृत स्कूल का है।

जानकारी के अनुसार थानागाजी उपखंड कार्यालय से करीब 30 किलोमीटर किशोरी गांव है। गांव में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत स्कूल के कमरे में टीचर हंसराज जांगिड़ (42) का शव मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर थानाधिकारी रामस्वरूप पुलिस जाब्ते के साथ स्कूल में पहुंचे। शव को थानागाजी हॉस्पिटल में रखवाया गया। टीचर मूल रूप से किशोरी गांव के रहने वाले थे। परिवार के साथ थानागाजी में रह रहे थे। उनके भाई विजय कुमार शर्मा ने बताया कि हंसराज रोजाना की तरह थानागाजी से किशोरी में अपने स्कूल गए थे। स्कूल की एक चाबी वे खुद रखते थे। सोमवार शाम को छुट्टी होने पर भी घर नहीं पहुंचे थे। परिजनों ने कॉल किया, तो मोबाइल स्विच ऑफ आया। परिवार ने दोस्तों, रिश्तेदारों हर जगह तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। परिजन तलाश करते हुए रात 10 बजे स्कूल पहुंचे। तब कमरे में शव मिला। पुलिस का कहना है कि परिवार के लोगों ने किसी पर शक जाहिर नहीं किया है, लेकिन वे तनाव में रहते थे। मृतक के शरीर पर कोई निशान नहीं है। टीचर के दो बच्चे हैं। स्कूल के स्टाफ ने बताया कि टीचर ने बीएलओ के रूप में काम किया था। एसआईआर का अच्छा काम किया था।

# बयाना में सीआईडी जोन यूनिट कार्यालय खुला

**बयाना/ भरतपुर,** (निसं)। सरकार ने कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बयाना क्षेत्र में क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट जोन यूनिट कार्यालय की स्थापना की है। कार्यालय के खुलने के साथ ही अब बयाना सहित आसपास के क्षेत्रों की हर गतिविधि पर सीआईडी की कड़ी निगरानी रहेगी। यूनिट कार्यालय पर तैनात सहायक उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यालय के लिए कुल 8 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से वर्तमान में 4 पदों पर तैनाती की जा चुकी है। यह सीआईडी कार्यालय बयाना में खुली है जिसके अंतर्गत बयाना कोतवाली, बयाना सदर थाना, वैर-भुसावर, छोकरवाड़ा, रुदावल, रूपवास और गढ़ी बाजना थाना क्षेत्रों को कवर करेगा।

# जोधपुर में इवेंट इंडस्ट्री पर डीजीजीआई का छापा

**जोधपुर, ( कासं )।** शहर में मंगलवार सुबह डीजीजीआई (जीएसटी इंटेलिजेंस डायरेक्टरेट) की जयपुर से आई टीमों ने इवेंट, टेंट, डेकोरेशन, साउंड और कैटरिंग कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। जीएसटी चोरी के इनपुट के आधार पर डीजीजीआई जयपुर के एडिशनल डायरेक्टर के नेतृत्व में शहर के आठ प्रमुख ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई है।

डीजीजीआई की राडार पर शादी-समारोहों में सेवाएं देने वाले शहर के वे सभी बड़े नाम हैं, जो टेंट, डेकोरेशन, साउंड और कैटरिंग का काम करते हैं, जिन फर्मों और जगहों पर टीमें पहुंची।

डीजीजीआई की टीमों ने जोधपुर शहर के सरदारपुरा के अलग-अलग इलाकों में स्थित सिंघवी टेंट और उनसे जुड़े ऑफिस, गोदाम, मकान और फार्म हाउस पर छानबीन शुरू की है। अधिकारियों ने दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच की। विभागीय सूत्रों का मानना है कि पिछले शादी के सीजन में जोधपुर में हुई हजारों शादियों की बुकिंग और इन फर्मों की ओर से भरे गए जीएसटी रिटर्न में भारी अंतर के संकेत मिले थे। माना जा रहा है कि इस कार्रवाई में करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी उजागर हो सकती है।

# डूंगरपुर में दो मकानों में चोरी

**डूंगरपुर,** (निसं)। धंबोला थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के पास स्थित चोरों ने दो घरों से 7 लाख 25 हजार नकद और 20 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर व चांदी के सिक्के चुरा लिए। कुल मिलाकर 27 लाख 25 हजार रुपए से अधिक का सामान चोरी हुआ है। धंबोला निवासी निकुंज भट्ट, जो वर्तमान में डूंगरपुर में रहते हैं, उनके घर में चोरी हुई। निकुंज भट्ट के भाई सनत भट्ट का मकान भी पास में ही है। सनत भट्ट अपने बच्चे की परीक्षा के लिए उदयपुर गए थे और रात में अपनी बेटी के घर डूंगरपुर में रुक गये थे। सुबह जब वे अपने घर लौटे, तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला।

# सांवलिया सेठ भंडार : तीसरे चरण में 6.43 करोड़ रु. मिले

**मंडफिया,** (निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में 17 जनवरी चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती मंगलवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णण उपस्थिति में तीसरे चरण में हुई। तीसरे चरण से भंडार से 6 करोड़ 43 लाख 25 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व दो चरणों में 15 करोड़ 79 लाख 25 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए थे। तीनों चरणों को मिलाकर 22 करोड़ 22 लाख 50 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए हैं। चौथे चरण की गिनती बुधवार को होगी। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव, सदस्य किशन लाल अहीर रामलाल गुर्जर, पवन तिवारी, हरिराम गाडरी, लेखाधिकारी राजेंद्र सिंह, मंदिर प्रभारी भैरूगिरी गोस्वामी सहित मंदिर व बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।

- तीनों चरणों को मिलाकर 22 करोड़ 22 लाख 50 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए हैं, चौथे चरण की गिनती आज होगी

# डीडवाना में एसआईआर में गलत तरीके से वोटरों के नाम काटने पर नाराजगी

**डीडवाना,** (निसं)। एसआईआर यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर मंगलवार को डीडवाना में बड़ा बवाल देखने को मिला। डीडवाना के ग्राम शेरानी आबाद और रामसाबास में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम काटने को लेकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जिला कलैक्ट्रेट पहुंचे और जायज मतदाताओं के नाम काटने का विरोध जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने निर्वाचन अधिकारी पर भाजपा के दबाव में आकर समुदाय विशेष के लोगों को टारगेट कर उनके नाम काटने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। वहीं गुस्साए ग्रामीणों ने जिला कलैक्टर के चैंबर में घुसने का भी प्रयास किया, लेकिन गेट पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों को रोक लिया। इसके बाद ग्रामीण जिला कलैक्टर के कक्ष के बाहर ही धरने पर बैठ गए।

- शेरानी आबाद और रामसाबास के ग्रामीणों ने कलैक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

इस दौरान डीडवाना विधायक यूनुस खान के साथ ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलैक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत से मिला और उन्हें पूरी घटना की जानकारी दी। ग्राम पंचायत शेरानी आबाद के सरपंच शेर मोहम्मद ने जिला कलैक्टर को बताया कि शेरानी आबाद गांव में लगभग 1800 मतदाताओं के नाम काटने के लिए फर्जी आपत्तियां दी गई है, लेकिन जिनके नाम से आपत्तियां दी गई है, उनमें से अधिकांश लोग विदेश में रहते हैं और कई लोग निरक्षर हैं, जबकि आपत्ति करने वाला व्यक्ति अधिकतम 50 से ज्यादा आपत्तियां नहीं लग सकता, मगर शेरानी आबाद में एक ही व्यक्ति के नाम से 500 से ज्यादा आपत्तियां लगा दी गई, जिससे पूरा का पूरा मामला ही संदिग्ध और फर्जी नजर आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव अधिकारी भाजपा के दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरा गांव समुदाय विशेष के बाहुल्य का गांव है, इसलिए भाजपा के इशारे पर मतदाताओं के नाम काटने की साजिश रची गई है।

विधायक यूनुस खान ने जिला कलैक्टर को कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच की जाए और फर्जी आपत्तियां देने वालों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि वोट देना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, मगर साजिश पूर्ण तरीके से लोगों के नाम काटकर उन्हें मतदान के अधिकार से वंचित किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पर जिला कलैक्टर ने पूरे मामले की गहनता से जांच करने का आश्वासन दिया।

# हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। झाड़ोल थाना पुलिस ने पत्नी की हत्या करने वाले पति पप्पुड़ा उर्फ पप्पुलाल पुत्र कालू निवासी गोदावाड़ा को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 18 जनवरी को हगजी पुत्र बदा निवासी बुझा बाघपुरा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरी पुत्री प्यारी का विवाह 15 वर्ष पूर्व पप्पुड़ा पुत्र कालू निवासी गोदावाड़ा दमाणा झाड़ोल के साथ हुआ था। पप्पुड़ा द्वारा दूसरी औरत को पत्नी बना कर लाने से प्यारी नाराज होकर पीहर बुझा चली आई थी। 13 जनवरी को वह बच्चों को मिलने के लिए गोदावाड़ा गई थी। 17 को फोन आया कि पुत्री प्यारी की हत्या हो गई है। वहां पहुंचने पर पता चला कि 16 जनवरी को प्यारी व पप्पुड़ा दोनों कन्थारिया आये थे और जाते सयम मेरी पुत्री के साथ पप्पुड़ा ने मारपीट कर हत्या कर दी।

# कोटा में दो कारों से 1.8 करोड़ का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। कोटा ग्रामीण की मंडाना पुलिस टीम ने नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दो कारों से 217.550 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये अवैध मादक पदार्थ गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 8 लाख 77 हजार 500 रूपये बताई गई है।

- दोनों कारों के विंड स्क्रीन पर वकील का लोगो लगा हुआ था
- 217.550 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया



कोटा ग्रामीण की मंडाना पुलिस टीम ने गांजा सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध गतिविधियों व मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि मंडाना इलाके में आकस्मिक चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एनएच 52 से कच्चा रास्ता सोनी फॉर्म के पास वनभूमि मण्डाना में दो कारों से सामान अदला-बदली की जा रही है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि उक्त सूचना पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए मंडाना थाने के थानाधिकारी वासुदेव के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि मंडाना पुलिस टीम सूचना पर मौके पर पहुंची, जहां पर अन्धेरे में मोबाईल फोन की टॉर्च से उजाला करके झाड़ियों की आड़ में दोनों कारों से सामान को अदला-बदली करते हुए नजर आये। पुलिस टीम ने मौके पर दो जनों को डिटेन किया एवं दोनों कारों की तलाशी ली तो एक कार से अवैध मादक पदार्थ गांजा के 22 पैकेट एवं दूसरी कार से अवैध मादक पदार्थ के 78 पैकेट जप्त किये गये। ग्रामीण एसपी ने बताया कि जब्त दोनों कारों के विन्ड स्क्रीन पर वकील का लोगो का चिन्ह लगा हुआ था। पुलिस टीम ने दोनों कारों से 217.550 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया है। पुलिस टीम ने मौके पर जोधपुर के कालीबेरी सुरसागर निवासी भावेश और पाली निवासी इमरान खान को गिरफ्तार किया।

वहीं विज्ञान नगर पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी अब्दुल रसीद खान को अवैध मादक पदार्थ एमडी 19.85 ग्राम व चरस 94.42 ग्राम के साथ गिरफ्तार किया गया।

# फलोदी में 52.70 लाख की स्मैक व एमडी बरामद

**जोधपुर,** (कासं)। फलोदी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 253.55 ग्राम स्मैक और 9.97 ग्राम एमडी बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत करीब 52.70 लाख रुपए बताई जा रही है।

- पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार किया

एसपी कुंदन कंवरिया ने बताया कि अतिरिक्त एसपी ब्रजराजसिंह चारण और सीओ अचलसिंह के सुपरविजन में भोजासर थानाधिकारी जमील खान के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। टीम ने अवैध मादक पदार्थ बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस थाना भोजासर में तैनात कांस्टेबल सीताराम की सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मोहर नगर स्थित आरोपी हकीम अली के घर पर छापा मारा। वहां से 253.55 ग्राम स्मैक और 9.97 ग्राम एमडी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी हकीम अली पुत्र नसीर खां और मूसे खान पुत्र नसीर खान को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने यह अवैध मादक पदार्थ मोरिया निवासी रईश पुत्र दिने खां से खरीदा था। पुलिस अब रईश की तलाश कर रही है। आरोपियों के खिलाफ भोजासर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कर मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के संबंध में आगे की जांच जारी है।

# अमृतसर में एनआरआई महिला की हत्या, पति गंगानगर से गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। पंजाब के अमृतसर में एक एनआरआई महिला की होटल में हत्या करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पति कुछ दिन पहले ही पत्नी को घुमाने की बात कहकर होटल ले गया, फिर उसे मारकर फरार हो गया था। अब पुलिस उसे श्रीगंगानगर से गिरफ्तार कर अमृतसर ले गई है।

- पति कुछ दिन पहले ही पत्नी को घुमाने की बात कहकर होटल ले गया, फिर उसे मारकर फरार हो गया था
- मृतका मूल रूप से गुरदासपुर की रहने वाली थी और ऑस्ट्रिया में रहती थी, पति के साथ पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने भारत आई थी

घटना पिछले दिनों अमृतसर के एक होटल के कमरे में हुई थी, जहां महिला की लाश मिली थी। मृतका मूल रूप से गुरदासपुर की रहने वाली थी और ऑस्ट्रिया में रहती थी। वह अपने पति के साथ पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने भारत आई थी। होटल स्टाफ ने शक तब किया जब आरोपी काफी देर तक कमरे में वापस नहीं लौटा और अंदर से कोई हलचल नहीं दिखाई दी। दरवाजा खटखटाने पर भी जवाब नहीं मिलने पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो महिला की लाश बेड के नीचे पड़ी थी। जांच में सामने आया कि महिला के शरीर के कई हिस्सों पर किरच से वार किए गए थे। पुलिस ने अब आरोपी को कोर्ट में पेश कर तीन दिन का रिमांड लिया है। पति मनप्रीत सिंह 8 दिन पहले ही पत्नी के साथ विदेश से लौटा था। वो पत्नी को घुमाने के बहाने से होटल ले गया था और फिर वहीं उसे किरच से मारकर फरार हो गया। उसने पेट-गर्दन पर किरच से कई वार किए थे। गुरदासपुर के गांव वड़ैच के रहने वाले लवप्रीत सिंह के अनुसार उसकी बहन प्रभजोत कौर की शादी 7 साल पहले अमृतसर के गांव जेठुवाल के मनदीप सिंह ढिल्लो से हुई थी। शादी के बाद प्रभजोत पति के साथ ऑस्ट्रिया में रहने चली गई। इसके बाद उनके बीच संबंध ठीक चल रहे थे।

ऑस्ट्रिया में रहते हुए पति मनदीप को शक हो गया कि प्रभजोत के किसी और लड़के के साथ संबंध हैं। इस बात को लेकर मनदीप ढिल्लों अक्सर पत्नी प्रभजोत से झगड़ा करता रहता था। इस वजह से उनके बीच तनाव चल रहा था। इस बारे में बहन ने भी बताया था कि पति उसके चरित्र पर शक करता था। बार-बार उसके साथ मारपीट करता था।

मृतका के पिता मक्खन सिंह के अनुसार, बेटी की शादी एक अच्छे परिवार में की थी। लंबे समय तक दोनों में किसी तरह की कोई अनबन भी नहीं थी। उनका करीब 6 महीने पहले ही बेटा पैदा हुआ था। उन्होंने कहा कि अब तक समझ नहीं आ रहा कि पति ने ऐसा क्यों किया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने तीन दिन का रिमांड हासिल किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जल्द ही और अहम खुलासे हो सकते हैं। अधिकारियों का मानना है कि आरोपी के बयान से हत्या की पूरी साजिश सामने आ सकती है।

# शव को सड़क पर रख धरना देने पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अलवर,** (निसं)। अकबरपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे 248ए पर शव रखकर जाम व प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने नाथ समाज के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई है।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर बारह बजे जुगाड़ गाड़ी को पुलिस के वज्र वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी थी। इसके बाद जुगाड़ पलट गया और एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी जो भर्तृहरि धाम नाथ समाज के महासंगम में जा रहे थे। इसके बाद समाज के लोगों ने शव को सड़क पर रख पांच घंटे तक सड़क जाम कर धरना दिया था, जिसमें भीड़ को उकसाने के आरोप व शव सड़क पर रख जाम करने के मामले में 7 लोगों पर मामला दर्ज किया है।

पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार रविवार दोपहर करीब 12 बजे नटनी का बारा से आगे माधोगढ़ की ओर एक जुगाड़ पलटने की घटना के बाद मृतक के शव को अलवर-जयपुर नेशनल हाइवे 248ए पर रखकर प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान करीब पांच घंटे तक हाइवे अवरुद्ध रहा और दोनों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे आमजन और परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मुकदमे के अनुसार प्रदर्शनकारियों को पुलिस द्वारा बार-बार समझाइश दी गई कि शव को सड़क से हटाकर विधिक प्रक्रिया अपनाई जाए, लेकिन इसके बावजूद शव को हाइवे से नहीं हटाया गया और आवागमन बाधित किया गया।

पुलिस ने मामले में नाथ समाज के कुम्हेर योगी, गीता योगी, गणेश योगी, अनिल योगी भारतीय, अरविंद योगी, पुखराज योगी (संयोजक) और शेरसिंह आजाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



मैंने देखा कि वह बहुत तेज़ गति से सर्व नहीं कर रहा था, खासकर दूसरे सेट में, लेकिन आप इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहते," जो अब गैस्टन के साथ अपनी लेक्सस हेड2हेड सीरीज़ में 3-0 से आगे हैं। **- जानिक सिनर**

**टेनिस खिलाड़ी, ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचने के बाद बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## साइना नेहवाल



**ओलंपिक** मेडलिस्ट साइना नेहवाल, जो भारत की सबसे काबिल बैडमिंटन प्लेयर्स में से एक हैं, ने घुटने की पुरानी कंडिशन की वजह से लगभग दो साल तक बाहर रहने के बाद कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की है। लंदन 2012 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट ने आखिरी बार 2023 में सिंगापुर ओपन में कॉम्पिटिटिव मैच खेला था, लेकिन सोमवार को सुभोजित घोष के होस्ट किए गए पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने फैसले की ऑफिशियल घोषणा की। सायना ने कहा कि वह कुछ समय पहले ही स्पोर्ट से दूर हो गई थीं और उन्हें तुरंत पब्लिक अनाउंसमेंट करने की जरूरत महसूस नहीं हुई।

**क्या आप जानते हैं ?...** दोनों के बीच अभी तक 25 मुकाबले हुए हैं। इसमेंभारतीय टीम को 14 जीत मिली है जबकि न्यूजीलैंड ने 10 को अपने नाम किया है। भारत को मिली 14 जीत में 2 जीत सुपर ओवर की भी हैं।

## टी-20 सीरीज से पहले ब्रेसवेल की फिटनेस पर संशय

नागपुर, 20 जनवरी। माइकल ब्रेसवेल का भारत के ख़िलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में खेलना संदिग्ध लग रहा है। नागपुर में पहले मुक़ाबले से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड टीम के लिए यह अच्छी ख़बर नहीं है। रविवार को इंदौर में खेले गए आख़िरी वनडे में फ़ील्डिंग के दौरान उनकी बाईं पिंडली की मांसपेशी खिंच गई थी। हालांकि, न्यूज़ीलैंड क्रिकेट को उम्मीद है कि उनकी यह चोट ज़्यादा गंभीर नहीं है। भारत को वनडे सीरीज़ में 2-1 से शिकस्त देने वाली न्यूज़ीलैंड टीम की कप्तानी करने वाले ब्रेसवेल को लेकर बोर्ड ने कहा, "आने वाले दिनों में उनका इलाज और निगरानी की जाएगी। इसके बाद ही इस दौरे में उनकी आगे की भागीदारी पर फ़ैसला लिया जाएगा।" इस बीच मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने बताया कि ब्रेसवेल अपनी टीम के साथ नागपुर पहुंच चुके हैं। इस बीच नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क को सीरीज के पहले तीन टी20 मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारत के ख़िलाफ वनडे सीरीज से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज़ करने वाले क्लार्क ने कुल सात विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने दो बार तीन-तीन विकेट लेने का कारनामा किया। गेंदबाज़ी के अलावा उन्होंने निचले क्रम में बल्ले से भी अहम योगदान दिया, जो न्यूज़ीलैंड की जीत में काफ़ी मददगार साबित हुआ।

## भदौरिया और संस्कार क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 20 जनवरी। वनडे कप सीजन -1 में पहले मैच में आरसीसी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 68 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। कार्तिक ने सर्वाधिक 27 रनों का योगदान दिया। संस्कार क्रिकेट अकादमी के ओर से आदित्य वाधवा ने 5, हनी प्रताप सिंह और आदित्य ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार क्रिकेट अकादमी ने सात ओवर में 72 रन 1 विकेट के नुकसान पर बनाकर जीत हासिल कर ली। हार्दिक ने सर्वाधिक 47 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच आदित्य वाधवा को चुना गया। दूसरे मैच में सोलफिल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 107 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। सौरभ शर्मा ने 28 और मोहित प्रजापत ने 25 रनों को योगदान दिया। भदोरिया क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य चौधरी ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भदोरिया क्रिकेट अकादमी ने 11 ओवर में 108 रन 3 विकेट के नुकसान पर बनाकर जीत हासिल कर ली। अर्णव गौतम ने सर्वाधिक 63 रनों का योगदान दिया। सोलफिल क्रिकेट अकादमी की ओर से पंकज प्रजापत ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच आदित्य चौधरी को चुना गया।

## 52वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता आज से प्रारंभ

जयपुर, 20 जनवरी। बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 52वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 21 जनवरी 2026 से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में उद्घाटन मुकाबला मैत्री क्रिकेट क्लब व दी राईजिंग क्रिकेट क्लब के मध्य सोनी स्टेडियम पर खेला जायेगा। प्रतियोगिता में जयपुर व राजस्थान के अन्य जिलों से कुल 20 टीमों ने भाग लेने की पुष्टि की है जिसमें पिछली विजेता टीम जयपुर ब्लूज़, उपविजेता अरावली क्रिकेट एकेडमी सेमिफाईनलिस्ट राजस्थान यूथ व एस.जे. स्कूल क्रिकेट एकेडमी, चम्बल स्पोर्ट्स, नीरजा मोदी, झुंझुनू एकादश, स्टार क्लब किशनगढ़ तथा मेजबान बनीपार्क क्रिकेट क्लब सहित जयपुर सहित सभी प्रमुख टीमें व एकेडमियां भाग लेंगी। प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता के सभी मैच 40-40 ओवर के खेले जायेंगे। इसमें विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरूस्कार तथा प्रत्येक मैच का मैन ऑफ दी मैच दिया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन सचिव एस.एम. माथुर करेंगे तथा समारोह की अध्यक्षता प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष डॉ. बी. आर. सोनी करेंगे।

# मैं अपनी पहचान नहीं बदलूंगा : सूर्यकुमार



नागपुर, 20 जनवरी। बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले, भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने खराब फॉर्म को लेकर आशावादी रुख दिखाया है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन 2025 में निराशाजनक रहा। सूर्यकुमार 21 मैचों और 19 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए। उन्होंने 13.62 के औसत से 218 रन बनाए, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 47 रहा।

मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा कि वह नेट पर अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और अपनी उस पहचान को बदलना नहीं चाहते, जिसने उन्हें पिछले तीन-चार सालों में सफलता दिलाई है।भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान ने आगे कहा कि वह इसी तरह बल्लेबाजी करना चाहेंगे और अगर सब कुछ ठीक नहीं रहा, तो वह नए सिरे से रणनीति बनाएंगे और मजबूत होकर वापसी करेंगे। सूर्यकुमार ने कहा कि सीरीज़ में खेला जाने वाला हर मैच महत्वपूर्ण होता है। हम हर मैच से कुछ न कुछ हासिल करने की कोशिश करते हैं। मैं नेट पर बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं और रनों की बात करें तो, रन जरूर बनेंगे, लेकिन साथ ही, मैं कुछ अलग नहीं कर सकता। मैं अपनी पहचान नहीं बदलना चाहता।

सूर्यकुमार ने कहा कि पिछले 3-4 सालों में मुझे जिस तरह से सफलता मिली है, मैं उसी तरह से बल्लेबाजी करना चाहूंगा। और अगर प्रदर्शन अच्छा रहा, तो मैं उसे स्वीकार करूंगा। अगर नहीं, तो मैं नए सिरे से तैयारी करूंगा, फिर से अभ्यास करूंगा, कड़ी मेहनत करूंगा और पहले से ज्यादा मजबूत होकर वापसी करूंगा।

सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम इंडिया को तिलक वर्मा और वाशिंगटन सुंदर जैसे स्टार खिलाड़ियों की कमी खलेगी, जो चोट के कारण बाहर हैं। हालांकि, भारतीय टी20 कप्तान ने इस बात पर जोर दिया कि वर्मा और सुंदर की अनुपस्थिति में अन्य खिलाड़ी मौकों का फायदा उठा रहे हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

भारत के टी20 कप्तान ने कहा कि चोट एक खिलाड़ी के जीवन का अहम हिस्सा होती है। इसलिए हम इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते। यह किसी के बस में नहीं है। लेकिन साथ ही, किसी और को खेलने का मौका मिलेगा। मेरा मतलब है, तिलक और वाशिंगटन की कमी तो हमें ज़रूर खलेगी।

जब भी उन्होंने इस फॉर्मेट में खेला है, उन्होंने भारतीय टीम के लिए बहुत कुछ किया है। लेकिन साथ ही, उनकी जगह किसी को तो खेलना ही होगा। हम नौ खिलाड़ियों के बिना नहीं खेल सकते। लेकिन हां, किसी को मौका मिलेगा, और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। 16 जनवरी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुष्टि की कि ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं।

## विराट और रोहित का बीसीसीआई संशोधित अनुबंध में घटेगा कद



नई दिल्ली, 20 जनवरी। विराट कोहली और रोहित शर्मा को बीसीसीआई की 2026-27 सीज़न की वार्षिक केंद्रीय अनुबंध सूची में स्थान परिवर्तन का सामना करना पड़ सकता है। दोनों वरिष्ठ बल्लेबाजों ने 2024 में टी20 और 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, इसलिए वे अब केवल एक ही प्रारूप में सक्रिय हैं। इसी वजह से प्रबंधन उन्हें ग्रेड बी में स्थानांतरित करने पर विचार कर रहा है। बीसीसीआई एक संशोधित अनुबंध संरचना की घोषणा करने की तैयारी कर रहा है, जिसमें ए श्रेणी को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है। कोहली और रोहित वर्तमान में रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह के साथ ए श्रेणी में हैं, और इन सभी को इस श्रेणी के तहत सालाना 7 करोड़ रुपये मिलते हैं। यदि ये बदलाव स्वीकृत हो जाते हैं, तो जडेजा और बुमराह को ग्रेड ए में स्थानांतरित किया जा सकता है। यह प्रस्ताव मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर द्वारा पहले ही रखा जा चुका है और अंतिम निर्णय लेने से पहले आगामी शीर्ष परिषद की बैठक में इस पर चर्चा होने की उम्मीद है। अगर बीसीसीआई ए श्रेणी को खत्म कर देता है, तो यह देखना होगा कि क्या कोई नई डी श्रेणी शुरू की जाती है।

## अभी पक्का नहीं है कि हम वर्ल्ड कप में जाएंगे या नहीं : लिटन दास



ढाका, 20 जनवरी। "जवाब देना सुरक्षित नहीं है," बंगलादेश के टी20 के कप्तान लिटन दास ने मंगलवार को तीखी प्रतिक्रिया देते हुए एक पत्रकार को बीच सवाल में ही रोक दिया, जब उसका सवाल टी20 वर्ल्ड कप से पहले चल रहे गतिरोध की ओर जा रहा था। रंगपुर राइडर्स के कप्तान दास एलिमिनेटर में सिलहट टाइटन्स से तीन विकेट से हारने के बाद बीपीएल से बाहर होने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। हालांकि, चर्चा जल्दी ही मैच से हटकर बांग्लादेश के वर्ल्ड कप में भाग लेने और फैसले लेने की प्रक्रिया में खिलाड़ियों की भूमिका को लेकर अनिश्चितता की ओर चली गई।

वीकेंड में, बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ढाका में आईसीसी अधिकारियों के साथ गतिरोध पर बातचीत की, लेकिन कोई समझौता नहीं हुआ। बीसीबी ने भारत से बाहर जगह बदलने का अनुरोध किया था, जब बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को दोनों एशियाई देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के बीच मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह वर्ल्ड कप के बारे में बोर्ड के रुख से सहमत हैं, तो दास ने सावधानी से जवाब दिया। "कोई टिप्पणी नहीं।" "क्या आपको यकीन है कि हम वर्ल्ड कप में जा रहे हैं? उन्होंने कहा," "आपको नहीं पता, मुझे नहीं पता, हम एक ही नाव में हैं। वर्ल्ड कप अभी बहुत दूर है। हमें अभी यह भी पक्का नहीं है कि हम वर्ल्ड कप में जाएंगे भी या नहीं। "हर कोई बीपीएल खेल रहा है, यह सच है, लेकिन अगर हमें पता होता कि हमारे ग्रुप के विरोधी कौन हैं या हम किस देश में जा रहे हैं, तो इससे मदद मिलती।

## 50 मीटर 3 पोजिशन्स में तिलोत्तमा और नीरज बने विजेता

नई दिल्ली, 20 जनवरी। राष्ट्रीय चैंपियन तिलोत्तमा सेन ने 50 मीटर राइफल 3 पोज़िशन्स में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित ग्रुप ए के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स टी1 का खिताब जीता, जबकि नेवी के नीरज कुमार ने पुरुष वर्ग में बाज़ी मारी। वहीं 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टी1 में पंजाब के राजकंवर सिंह संधू ने शीर्ष स्थान हासिल किया। 50 मीटर 3 पोज़िशन्स के फाइनल नए आईएसएसएफ फॉर्मेट में खेले गए, जिसमें हाल ही में 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में 11 पदक जीतने वाली तिलोत्तमा सेन ने कर्नाटक के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए आशी चौकसे को महज 0.6 अंकों के अंतर से पीछे छोड़ा। तिलोत्तमा ने 360.1 का स्कोर किया, जबकि आशी ने 359.5 के साथ रजत स्थान हासिल किया। राजस्थान की माननी कौशिक 347.5 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

## टी-20 सीरीज में होगा भारत का इम्तिहान

नागपुर, 20 जनवरी। क्रिकेट फैंस एक हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार हैं, क्योंकि बुधवार को यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारत की टी20 टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा। सभी के मन में एक ही सवाल है: क्या मेहमान कीवी टीम भरी हुई भीड़ के सामने घरेलू पसंदीदा टीम को परेशान कर सकती है?

भारत इस मुकाबले में अजेय मोमेंटम के साथ उतरेगा। एशिया कप में बिना हारे और ऑस्ट्रेलिया (2-1) और साउथ अफ्रीका (3-1) पर सीरीज जीतने के बाद, मौजूदा टी20 वर्ल्ड चैंपियन अपनी धरती पर कॉन्फिडेंट हैं। अभिषेक शर्मा, जो धमाकेदार शुरुआत के लिए जाने जाते हैं, से भारत की लीड करने की उम्मीद है, जबकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह मजबूत बॉलिंग अटैक की कमान संभालेंगे। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे मिडिल-ऑर्डर के दिग्गज भारतीय टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह एक अच्छी पावरहाउस बन जाती है।

लेकिन न्यूज़ीलैंड कोई आसान टीम नहीं है। वेस्टइंडीज पर अपने घर में 3-1 से सीरीज जीतने से उत्साहित, मेहमान टीम डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर और टिम रॉबिन्सन जैसे मैच-विनर खिलाड़ियों के साथ आई है, जो सभी मैच का रुख बदल सकते हैं। उनके मिडिल-ऑर्डर की गहराई, साथ ही काइल जैमीसन और जैकब डफी जैसे बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक का मतलब है कि भारत को दबदबा बनाए रखने के लिए अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

नागपुर की पिच से एक बैलेंस्ड मुकाबला होने की उम्मीद है, जिसमें पहली इनिंग का स्कोर औसतन 156 के आसपास रहेगा। शाम को ओस पड़ने से पीछा करने वाली टीम को फायदा हो सकता है, जिससे टॉस एक अहम पल बन जाएगा। एनालिस्ट का अनुमान है कि 170-180 के बीच का स्कोर एक रोमांचक मुकाबले का माहौल तैयार करेगा, जो शायद आखिरी ओवरों तक चलेगा। भारत का टी20 का रथ पूरी रफ़्तार से चल रहा है और न्यूज़ीलैंड इसे रोकने के लिए बेताब है, फैंस एक जबरदस्त क्रिकेट की रात की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें हर बाउंड्री, विकेट और कैच चर्चा का विषय बन जाएगा।

नागपुर में पहला टी20 मैच सिर्फ़ एक मैच से कहीं ज़्यादा है-यह मोमेंटम, स्ट्रैटेजी और नर्वसनेस की लड़ाई है। टॉस जीतने वाले कप्तान के ओस वाले हालात का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बॉलिंग करने की उम्मीद है। इंडिया जीतने का फेवरेट है, लेकिन न्यूज़ीलैंड की चुनौती एक कांटे की टक्कर पक्का करती है जो आखिर तक जा सकती है। यह शुरुआती मुकाबला सीजन की सबसे रोमांचक टी20 सीरीज में से एक के लिए माहौल बनाने का वादा करता है, जिसमें इंडिया की फ़ायरपावर और न्यूज़ीलैंड की मजबूती के बीच स्ट्रैटेजी और स्किल की लड़ाई होगी।

## रसूली, जादरान के दम पर अफगानिस्तान ने विंडीज को हराया

दुबई, 20 जनवरी। इब्राहिम जादरान (नाबाद 87) और दरवेश रसूली (84) के शानदार अर्धशतकों और उसके बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने दुबई में पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 38 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए, अफगानिस्तान ने 181/3 का बड़ा स्कोर बनाया, जिसके बाद उनके गेंदबाजों ने नियमित विकेट लेकर विंडीज के लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डाली। अफगानिस्तान शुरुआती दौर में ही मुश्किल में पड़ गया जब रहमानुल्लाह गुरबाज पहली ही गेंद पर एक तेज सिंगल लेने की कोशिश में रन-आउट हो गए। जबकि इब्राहिम जादरान ने अच्छी शुरुआत की, पहले ओवर में हेडन सील्स की गेंद पर एक चौका और दूसरे ओवर में मैथ्यू फोर्डे की गेंद पर दो और चौके लगाए, लेकिन जब सील्स ने तीसरे ओवर में सिद्दीकुल्लाह अटल को आउट किया तो अफगानिस्तान का स्कोर 19/2 हो गया।

## निकी पूनाचा ऑस्ट्रेलियन ओपन ग्रैंड स्लैम डेब्यू में ही बाहर

मेलबर्न, 20 जनवरी। भारत के निकी कालियांडा पूनाचा का ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में ग्रैंड स्लैम डेब्यू पहले ही राउंड में ख़त्म हो गया, जब वह और उनके पार्टनर थाईलैंड के प्रूच्या इसारो मंगलवार को मेन्स डबल्स में सीधे सेटों में हार गए। पूनाचा और इसारो, जिन्होंने पिछले नवंबर में एशिया-पैसिफिक वाइल्ड कार्ड प्ले-ऑफ टूर्नामेंट के जरिए मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी।

## अप्रैल में पांच टी-20 के लिए भारतीय महिला टीम की मेजबानी करेगा दक्षिण अफ्रीका

जोहानसबर्ग, 20 जनवरी। टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की अंतिम टी20 सीरीज अप्रैल में भारत के ख़िलाफ पांच मैचों की सीरीज होगी जो कि वह अपने घर पर खेलेगी। 17 और 19 अप्रैल को डरबन में पहले दो मुक़ाबले खेले जाएंगे, इसके बाद जोहानसबर्ग में 22 और 25 अप्रैल को अगले दो मुक़ाबले खेले जाएंगे। वहीं सीरीज का अंतिम मुक़ाबला 27 अप्रैल को बेनोनी में खेला जाएगा। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका फ़रवरी-मार्च में पाकिस्तान के ख़िलाफ वनडे और टी20 सीरीज खेलेगी। भारत के ख़िलाफ सीरीज खेलने से पहले दक्षिण अफ्रीका मार्च-अप्रैल में न्यूज़ीलैंड का दौरा भी करेगी। वहीं भारतीय टीम अप्रैल में साउथ अफ्रीका के दौरे पर जाने से पहले फ़रवरी-मार्च में मल्टी फॉर्मेट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी और अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ सीरीज खेलने के बाद भारतीय टीम मई की शुरुआत में इंग्लैंड में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी।

**// ओ.एन. दीक्षित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स एमटी-400 //**

## शशिकांत, रियाज, जगदीश, सोहिनी, स्मिता जैन ने जीते 3-3 खिताब

जयपुर, 20 जनवरी। ओ.एन दीक्षित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स एमटी-400 पुरुष 60 वर्ष आयु वर्ग में आर नागराज ने भानु प्रताप सिंह को 6-1, 6-1, 55 में बालकृष्ण भाटिया ने श्रीनिवास रेड्डी को 6-3, 6-2, 45 रोहन भसीन ने सम्राट भसीन को 5-7, 6-0 10-8, 40 में रियाज अहमद ने विकास चौधरी को 7-5, 7-5, 35 अंकित सेतिया ने कार्तिकेय सिंह को 7-5,7-6 (7), 30 में शशिकांत रमानी ने लविश नेहरा को 6-4, 6-4 वही महिला में प्रीति उज्जयिनी ने संजना को 6-1, 6-2 से हराकर एकल खिताब जीते।




सोहीनी कुमारी प्लस 55 मे फेडरेशन कप में भारत का अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में तीन बार प्रतिनिधित्व किया है तथा उनके पिता यशवंत सिंह दिल्ली टेनिस एसोसिएशन के सचिव भी रहे हैं राइट विंग कमांडो रानी स्मिता जैन भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है।

अन्य परिणाम निम्न प्रकार से रहे -30 पुरुष युगल में शशि कांत व विवेक झाँझरिया ने प्रशांत व रोहित डेविड एंड को 7-5, 7-5, 35 मिशाल व कार्तिकेय ने नरेंद्र व अरुण चौधरी को 2-6, 7-6(4), 10-2, 45 दिलीप मोंटी व भ र त ने रोहन व सम्राट भसीन को 7-5, 7-6(5), 55 गुरदर्शन रमाना व आशुतोष पेडनेकर ने बालकृष्ण भाटिया व योगेश कोहली को 7-6(5), 6-1, 60 अरुण अग्रवाल व आर नागराज ने पुनीत गुप्ता व भानु सिंह को 2-6,6-1,10-5 से हराया । मिक्स युगल 50 में सोहिनी कुमारी वि जगदीश तंवर ने, 40 रानी स्मिता जैन व रियाज अहमद ने, 30 चेतना असारी व शशि कांत रमानी ने जीता। टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से आए अनुभवी खिलाड़ियों की भागीदारी से मुकाबले बेहद रोमांचक बनते जा रहे हैं और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है ।

## शमशीर अली ने ऑप्टिमस अचीवर्स को और ध्रुवपाल गोदारा ने रामबाग को जिताया

जयपुर, 20 जनवरी। राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप टूर्नामेंट में कैवेलरी पोलो ग्राउंड पर आरपीसी/थंडरबोल्ट पोलो टीम और रामबाग पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें रामबाग पोलो टीम ने आरपीसी/थंडरबोल्ट को 4.5 के मुकाबले 9 गोलो से हराया। रामबाग पोलो टीम की ओर से एजेलो ओर सिद्धांत सिंह ने 1- 1 गोल किए वहीं ध्रुवपाल गोदारा ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 7 गोल कर टीम को जीत दिलाई। ढाई गोल का एडवांटेज लेकर खेल रही आरपीसी/थंडरबोल्ट पोलो टीम की ओर से केवल मृत्यंजय सिंह ने 2 गोल किये।

**अचीवर्स ने वी पोलो को हराया**

दूसरे मैच में पीपीसी पोलो ग्राउंड पर वी पोलो टीम और ऑप्टिमस अचीवर्स के बीच मैच खेला गया जिसमें ऑप्टिमस अचीवर्सने वी पोलो को 8.5 के मुकाबले 12 गोल से हराया। ऑप्टिमस अचीवर्स पोलो टीम की ओर से शमशीर अली ने अपने पुराने शानदार खेल प्रदर्शन दिखाते हुए बेहतरीन 8 गोल किये ओर सेवीर मेहराज ने1 गोल वहीं डेनियल ने 3 गोल किये।आधे गोल का एडवांटेज लेकर खेल रही वी पोलो टीम की ओर से सलीम आज़मी ने 1 गोल और सेंटियागो ने बेहतरीन खेलते हुए 7 गोल कर अपनी टीम की साख बचाई।

**// जयपुर पोलो सीजन 2026 का हुआ आगाज //**

# 29 मार्च तक होगा आयोजन, लेडीज पोलो मैच का आयोजन होगा

जयपुर, 20 जनवरी। राजस्थान पोलो क्लब में बहुप्रतीक्षित जयपुर पोलो सीजन 2026 का 19 जनवरी से आगाज हो गया है। यह सीज़न 29 मार्च तक चलेगा और इसमें कई रोमांचक मैच आयोजित होंगे। इस सीजन का मुख्य आकर्षण एक बार फिर से 14 गोल का ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह जयपुर कप के लिए जयपुर ओपन टूर्नामेंट होगा। यह टूर्नामेंट 16 फरवरी से 21 फरवरी तक होगा। यह टूर्नामेंट केरिसिल द्वारा स्पॉन्सर किया गया है। इस सीज़न में, एक और बड़ा टूर्नामेंट 14 गोल वाला रैफल्स सिरमौर कप होगा, जो 9 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित होगा। इस टूर्नामेंट को रैफल्स होटल, जयपुर स्पॉन्सर कर रहा है। यह जानकारी जयपुर के हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने आज आरपीसी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल पोलो (एफआईपी) के भारत के एम्बेसडर, महाराज नरेंद्र सिंह; राजस्थान पोलो क्लब (आरपीसी) के ऑनरेरी सेक्रेटरी, दिग्विजय सिंह और आरपीसी के जॉइंट सेक्रेटरी, विक्रमादित्य बरकाना भी मौजूद रहे। महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने आगे बताया कि पिछले वर्षों की तरह, जयपुर पोलो सीज़न में लेडीज़ पोलो मैच का आयोजन भी किया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को हॉर्स पोलो के खेल में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। मैच की सफलता और ज़बरदस्त जोश को देखते हुए, 22 फरवरी को प्रिंसेस दीया कुमारी फ़ाउंडेशन (पीडीकेएफ) लेडीज़ पोलो कप 2026 का आयोजन किया जाएगा। इसे यूएस. पोलो एसोसिएशन और पीडीकेएफ स्पॉन्सर कर रहे हैं।




इस सीज़न का पहला टूर्नामेंट राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप (06 गोल) है। यह टूर्नामेंट 19 जनवरी से शुरू होकर 25 जनवरी तक चलेगा। इसे रामबाग पैलेस जयपुर स्पॉन्सर कर रहा है। **इस सीज़न के अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में शामिल हैं-** राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप, 19 जनवरी - 25 जनवरी, 6 गोल्स, कोग्निवेरा पोलो कप, 26 जनवरी-1 फरवरी, 8 गोल्स, द लीला महाराजा सवाई मान सिंह पोलो कप, 2 फरवरी-8 फरवरी, 8 गोल्स, रैफल्स सिरमौर कप, 9 फरवरी-15 फरवरी, 14 गोल्स, ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी कप के लिए जयपुर ओपन, 16 फरवरी-21 फरवरी,14 गोल्स, राजस्थान टूरिज्म पोलो कप, 23 फरवरी-1 मार्च, 6 गोल्स, एसएमएस गोल्ड वेस, 2 मार्च-8 मार्च, 4 गोल्स, जयपुर जूनियर कप अंडर 21 (आउट ऑफ हैट), 12 मार्च-8 मार्च, श्री सीमेंट कप 9 मार्च-15 मार्च, आरपीसी कप (आउट ऑफ हैट), 16 मार्च-22 मार्च, आरपीसी कप (आउट ऑफ हैट), 23 मार्च-29 मार्च। **इस पोलो सीज़न में खेल के कुछ टॉप पोलो खिलाड़ी हिस्सा लेंगे,** जिनमें मैनुअल एफ लोरेंटे (+6), सैंटियागो मारम्बियो (+6), एलेजो अरामबुरु (+6); डैनियल ओटामेंडी (+4), लांस वॉटसन (+4), सिमरन शेरगिल (+4); जयपुर के एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह (+4), शमशीर अली (+4), सिद्धांत शर्मा (+3), ध्रुव पाल गोदारा (+2), भवानी कालवी (+2), कुलदीप सिंह राठौड़ (+2), राव हिम्मत सिंह बेदला (+1), सलीम आज़मी (+1) सहित कुछ आर्मी ऑफिसर शामिल हैं। युवा खिलाड़ियों के बीच पोलो के खेल को बढ़ावा देने और उभरती प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए, जयपुर जूनियर कप अंडर 21 आउट ऑफ़ हैट फ़ॉर्मेट में 2 मार्च से 8 मार्च तक खेला जाएगा। युवा प्रतिभा को बढ़ावा देने और उनके विकास करने की अपने प्रतिबद्धता के तहत, राजस्थान पोलो क्लब ने होनहार युवा खिलाड़ियों को इंटरनेशनल ट्रेनिंग का मौका देने के लिए एक खास सालाना स्कॉलरशिप प्रोग्राम शुरू किया है। इस पहल के तहत, क्लब ने इस साल युवा खिलाड़ी आर्यमन सिंह को विश्व के अग्रणी पोलो डेस्टिनेशन में से एक, अर्जेंटीना में ट्रैवल और ट्रेनिंग करने में मदद की। इस सीज़न में एग्ज़िबिशन मैचों में 24 जनवरी को रघु सिन्हा माला माथुर मेमोरियल कप आयोजित होगा, जिसे रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटी ट्रस्ट द्वारा स्पॉन्सर किया जा रहा है; 26 जनवरी को एग्ज़िबिशन पोलो मैच; 7 फरवरी को केजीके पोलो कप, जिसे केजीके स्पॉन्सर करेगा; 14 फरवरी को ईटन कॉलेज बनाम मेयो कॉलेज मैच, जिसे गैब्रियल इंडिया द्वारा पावर्ड होगा; 28 फरवरी को एचएच राजमाता पद्मिनी देवी ऑफ जयपुर इंटरनेशनल शील्ड, जिसे डायकलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड स्पॉन्सर करेगा; और 9 मार्च को एग्ज़िबिशन पोलो मैच शामिल हैं।




यह उल्लेखनीय है कि राजस्थान पोलो क्लब लंबे समय के इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है, जिसका उद्देश्य जयपुर को पोलो और घुड़सवारी के खेल के लिए साल भर चलने वाले सेंटर के तौर पर मज़बूत करना है। पोलो ग्राउंड में फ्लडलाइट लगाने की योजना पर काम चल रहा है, जिससे रात में पोलो खेला जा सकेगा और जयपुर में वर्षभर यह खेल संभव होगा। इसके अतिरिक्त, क्लब अपने राइडिंग स्कूल और जूनियर ट्रेनिंग प्रोग्राम को सपोर्ट करने के लिए एक इनडोर, हर मौसम में ढका हुआ एरीना बनाने पर काम कर रहा है, ताकि मौसम कैसा भी हो, बिना किसी रुकावट के ट्रेनिंग दी जा सके। क्लब पोलो ग्राउंड परिसर में एक इक्वाइन हॉस्पिटल बनाने की भी योजना बना रहा है, जिसमें एक सर्जिकल थिएटर और एक बेसिक डायग्नोस्टिक लैबोरेटरी होगी, ताकि पोलो और घुड़सवारी गतिविधियों के लिए जानवरों की देखभाल, घोड़ों की कुशलता और इमरजेंसी में मदद को बेहतर बनाया जा सके। क्लब द्वारा ली गई विभिन्न पहलों के अंतर्गत मैच देखने आए दर्शकों को रिफ्रेशमेंट्स भी दिए जाएंगे।



*राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को पदभार ग्रहण करने पर फूलों का गुलदस्ता भेंट किया तथा बधाई दी।*

# 'प्रशासन यह निर्णय ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कि इसके लिए पूर्व अनुमति आवश्यक है। स्वामी ने इसे परंपरा का अपमान बताया है।

इसके बाद राज्य प्रशासन ने उन्हें एक नोटिस भेजा, जिसमें उनसे पूछा गया कि वे स्वयं को शंकराचार्य क्यों कहते हैं। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा गया कि ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य पद पर उनकी कोई आधिकारिक अभिषेक प्रक्रिया नहीं हुई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शंकराचार्य ने कहा कि ऐसे पदों पर निर्णय केवल अन्य शंकराचार्यों द्वारा लिया जाता है, न कि मुख्यमंत्री या राष्ट्रपति द्वारा। उन्होंने कहा, "चार में से तीन शंकराचार्य पीठों ने मुझे मान्यता दी है। दो पीठों के शंकराचार्य मुझे शंकराचार्य कहते हैं और पिछले कुंभ/मेला में मेरे साथ स्नान भी कर चुके हैं। प्रशासन यह तय नहीं कर सकता कि शंकराचार्य कौन है।"

इस मुद्दे पर विपक्ष ने योगी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, "जब शंकराचार्य ने मोदी सरकार की आलोचना की, तो उन्हें शाही स्नान से रोक दिया गया और नोटिस जारी कर दिया गया। यह अहंकार की पराकाष्ठा है। क्या अब भारत में गंगा स्नान के लिए भी अनुमति लेनी होगी?" समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इस नोटिस को अत्यंत निंदनीय बताते हुए कहा कि जो लोग ऐसे प्रमाण मांग रहे हैं, उन्हें पहले अपने ही प्रमाण पत्र साबित करने चाहिए। उन्होंने कहा, "किसी ने नहीं सोचा था कि विभाजनकारी भाजपा इतना नीचे गिर जाएगी।"

# सतीश पूनिया ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रभारी बनाया गया है। नितिन नवीन ने आगामी तेलंगाना नगर निगम चुनावों के लिए आशीष शेलार को चुनाव प्रभारी, अशोक परनामी और रेखा शर्मा को चुनाव सह-प्रभारी नियुक्त किया है।

# ट्रंप ने ग्रीनलैंड और कैनडा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

साफ तौर पर सहयोग के बजाय, बल -प्रयोग के रूप में परिभाषित किया।

सरल रूप में, डेवी ने ट्रंप को एक उत्पीड़क के रूप में भी चित्रित किया, जो "सोचते हैं कि यदि आवश्यक हो तो वे बल का उपयोग करके, जो चाहें, वह छीन सकते हैं।"

ट्रंप की पोस्ट्स पर यूरोप, विशेष रूप से डेनमार्क में तेज़ प्रतिक्रिया हुई है, जो ग्रीनलैंड को एक स्वायत्त क्षेत्र के रूप में शासित करता है। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया करते हुए, डेनमार्क के आर्थिक मंत्री ने चेतावनी दी कि अगर तनाव बढ़ता रहा, तो इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

मंत्री ने कहा, "हम अमेरिका के साथ संवाद करने की कोशिश करेंगे, लेकिन अगर यह बढ़ता रहा, तो यूरोपीय जवाब जरुरी हो जायेगा।

इससे पहले, ट्रंप ने कहा था कि वे ग्रीनलैंड को अमेरिकी क्षेत्र बनाने के अपने नए प्रयास पर यूरोपीय संघ से महत्वपूर्ण प्रतिरोध की उम्मीद नहीं करते। उन्होंने कहा था कि, खासकर रूस और चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच, यह आर्कटिक द्वीप राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये महत्वपूर्ण है।

फ्लोरिडा में बोलते हुए, ट्रंप ने तर्क दिया कि डेनमार्क के पास ग्रीनलैंड की रक्षा करने की क्षमता नहीं है और उन्होंने अमेरिकी नियंत्रण को रणनीतिक आवश्यकता के रूप में प्रस्तुत किया।

ट्रुथ सोशल पर एक और पोस्ट में, ट्रंप ने नाटो महासचिव मार्क रुटे से ग्रीनलैंड के मुद्दे पर हुई बातचीत का जिक्र भी किया।

ट्रम्प ने लिखा, "मैंने नाटो महासचिव मार्क रुटे से ग्रीनलैंड के बारे में बहुत अच्छी टेलीफोन वार्ता की। ट्रंप ने अमेरिकी सैन्य शक्ति को भी रेखांकित किया तथा कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका पूरी "दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश है।"

उन्होंने कहा, "इसका बड़ा कारण यह है कि मेरे पहले कार्यकाल में हमारी सेना का पुनर्निर्माण हुआ, जो अब और तेज़ी से जारी है। हम एकमात्र ताकत हैं, जो दुनिया भर में शांति सुनिश्चित कर सकते हैं और यह, बहुत सरलता से, शक्ति के माध्यम से किया जाता है।"

अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने मंगलवार को यह विश्वास व्यक्त किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच ग्रीनलैंड के अधिग्रहण के मामले में कोई समाधान निकाला जाएगा, और "व्यापार युद्ध" की संभावना को नकारते हुए उन्होंने कहा कि "हिस्टीरिया को शांत किया जाएगा।

बेसेंट ने कहा कि यह मुद्दा हाल ही में उभरा है और इसका ऐसा समाधान निकाला जाएगा, जो संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करता हो।

बेसेंट ने स्विट्ज़रलैंड के डावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के दौरान रिपोर्टर्स से कहा, "48 घंटे का समय है। जैसा कि मैंने कहा है, आराम से बैठकर मीटिंग कीजिये। मुझे विश्वास है कि नेता इस मुद्दे /विवाद को बढ़ाएंगे नहीं और यह बहुत अच्छे स्थान पर समाप्त होगा।"

# 'पेपर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की तथ्यात्मक रिपोर्ट बंद लिफाफे में पेश की, जिसका एकलपीठ में याचिकाकर्ता रहे अभ्यर्थियों के वकील हरेन्द्र नील ने विरोध किया। इस पर खंडपीठ ने उनसे पूछा कि एसओजी की ओर से भर्ती रद्द करने के संबंध में 13 अगस्त, 2024 की गोपनीय रिपोर्ट उन्हें कैसे मिली।

इसके जवाब में कहा गया कि मामले में स्वयं राज्य सरकार ने ही जांच नहीं की है।

इस पर अदालत ने एडीजी विशाल बंसल से पूछा कि एसओजी की गोपनीय रिपोर्ट बाहर कैसे आई। वहीं अदालत ने पूछा कि एकलपीठ में याचिकाकर्ता रहा एक अभ्यर्थी एसओजी में नियुक्त है, तो क्या उसने रिपोर्ट दी है।

इस पर एडीजी और अभ्यर्थियों के वकील ने कहा कि संबंधित अभ्यर्थी एसओजी में नियुक्त है, लेकिन वह जांच टीम का सदस्य नहीं था। बंसल ने कहा कि रिपोर्ट एसओजी ऑफिस से लीक नहीं हुई है और इस बारे में हम जांच कर रहे हैं। इस पर अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि लगता है कि एसओजी ऑफिस भी मिलीभगत में शामिल हो गया है।

# यूरोप, भारत के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की, जो सीधे तौर पर डॉनल्ड ट्रंप द्वारा यूरोप पर किए जा रहे हालिया हमलों के संदर्भ में अमेरिका के लिए था। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यूरोप भारत के साथ व्यापक आर्थिक संबंध स्थापित करने को लेकर उत्सुक है, क्योंकि भारत तेज़ी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक ओर यूरोप भारत के विशाल और तेजी से बढ़ते बाजारों का लाभ उठाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर वह भारत को अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमताएं और उत्पाद भी उपलब्ध कराएगा। ऐसे समय में जब भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता ठहराव की स्थिति में है, वॉन डेर लेयेन ने रेखांकित किया कि इस व्यापार समझौते के माध्यम से यूरोपीय यूनियन को "पहला कदम उठाने का लाभ" मिलेगा, एक ऐसे क्षेत्र में, जो अत्यंत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और बढ़ते आर्थिक व रणनीतिक अवसर प्रदान कर रहा है। भारत-ईयू व्यापार समझौते के परिणामस्वरूप, यूरोप के उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला बहुत कम शुल्क पर भारतीय बाजार में प्रवेश कर सकेगी, जिससे भारत के तेजी से बढ़ते मध्यम वर्ग के विशाल बाजार के बड़े हिस्से खुल जाएंगे। साथ ही, यूरोपीय संघ ने भारत की व्यापारिक संवेदनशीलताओं का भी ध्यान रखा है। इन्हीं कारणों से भारत-ईयू व्यापार समझौते में कृषि क्षेत्र, चीनी उद्योग और कुछ अन्य उत्पादों को शामिल नहीं किया जाएगा। भारत द्वारा यूरोपीय शराब और वाइन पर लगाए गए ऊंचे शुल्कों में कटौती की जाएगी, जबकि यूरोप के कुछ ग्लोबल इंडीकेटर्स उत्पादों (वे उत्पाद जो किसी खास जगह पर बनने के कारण उस जगह के नाम से जाने जाते हैं) को इस समझौते से बाहर रखा जाएगा। यह घोषणा वैश्विक अर्थव्यवस्था के पुनर्संरेखण को स्वीकार करते हुए तेज़ी से आगे बढ़ने और एक नई व्यवस्था की आवश्यकता को रेखांकित करती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इक्कीसवीं सदी में भारत कई यूरोपीय देशों की तुलना में कहीं अधिक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनकर उभरा है, जबकि उनमें से कई देश इस दौर में अपेक्षाकृत छोटे पड़ गए हैं।

# 'पार्टी में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्होंने आगे कहा, "अब माननीय नितिन नबीन जी हम सबके अध्यक्ष हैं और उनकी जिम्मेदारी केवल भाजपा को संभालने की ही नहीं, बल्कि एनडीए के सभी सहयोगी दलों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने की भी है।" मोदी ने कहा, "नितिन जी में युवा ऊर्जा भी है और व्यापक अनुभव भी।"

# कर्मचारी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आरोपियों ने अपने स्तर पर अभ्यर्थियों से रुपए लेकर उनके नंबर बढ़ाए हैं।

एसओजी की पड़ताल में सामने आया है कि गिरफ्तार अभ्यर्थी पूनम माथुर के परीक्षा में महज 63 नंबर आए थे। जबकि संजय माथुर ने ओएमआर शीट में हेराफेरी कर उसके 182 नंबर कर दिए। अन्य अभ्यर्थियों के नंबर में भी बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि इस कंपनी ने और किन परीक्षाओं में ओएमआर शीट स्कैन करने का काम किया है. इसकी जांच भी जारी है। चयन बोर्ड के दोनों अधिकारी भी लंबे समय से परीक्षा के गोपनीय कार्य से जुड़े हुए थे।

एसओजी की पड़ताल में सामने आया है कि 2019 में उत्तर प्रदेश की एसटीएफ ने लखनऊ में शादान और विनोद को गिरफ्तार किया था। उनके पास करीब 60 लाख रुपए की संदिग्ध नकदी और कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षाओं के 18 अभ्यर्थियों के नाम मिले थे। उस मामले की जांच आगे नहीं बढ़ पाई। एसओजी ने उस इनपुट के आधार पर अपनी जांच को आगे बढ़ाते हुए यह कार्रवाई की है।

# फिक्की की वित्तीय वर्ष ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अनुपालन जैसी परिचालन चुनौतियों के कारण कंपनियां सतर्क बनी हुई हैं।

भंडारण (इन्वेंट्री) स्तर स्थिर होते दिख रहे हैं, जहां पिछली तिमाही की तुलना में कम कंपनियों ने भंडार ऊंचा बने रहने की उम्मीद जताई है। रोजगार सृजन के इरादों में भी मामूली सुधार देखा गया है और 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने आने वाले महीनों में नए कर्मचारियों को जोड़ने की योजना बताई, जबकि एक वर्ष पहले यह आंकड़ा 35 प्रतिशत था। हालांकि अधिकांश कंपनियों ने बड़े पैमाने पर श्रम की कमी की सूचना नहीं दी, फिर भी कुशल श्रमिकों की उपलब्धता को लेकर चिंता बनी हुई है, जो कार्यबल की तैयारी में संरचनात्मक कमियों को उजागर करती है।

निर्माताओं के लिए वित्तीय स्थितियां कुल मिलाकर सहायक बनी हुई हैं। उत्तरदाताओं द्वारा बताई गई औसत ब्याज दर 8.9 प्रतिशत रही, और 87 प्रतिशत से अधिक ने कार्यशील पूंजी और दीर्घकालिक निवेश, दोनों के लिए बैंक वित्त की पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी दी। हालांकि, लागत दबाव एक प्रमुख चिंता बना हुआ है। लगभग 57 प्रतिशत कंपनियों ने बिक्री के अनुपात में उत्पादन लागत बढ़ने की बात कही, जिसका कारण कच्चे माल की ऊंची कीमतें, मुद्रा अवमूल्यन तथा परिवहन और उपयोगिता लागत में वृद्धि है।

विकास के दृष्टिकोण से, सर्वेक्षण के निष्कर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत देते हैं। मजबूत विनिर्माण उत्पादन, बेहतर मांग स्थितियां और बढ़ता क्षमता उपयोग आमतौर पर उच्च औद्योगिक जीडीपी, बेहतर रोजगार संभावनाओं और मजबूत निवेश चक्र में तब्दील होते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल्स में मजबूत वृद्धि तथा अन्य अधिकांश विनिर्माण क्षेत्रों में मध्यम विस्तार की उम्मीद यह दर्शाती है कि वित्त वर्ष 26 में औद्योगिक वृद्धि व्यापक आधार वाली रहने की संभावना है, न कि केवल कुछ क्षेत्रों तक सीमित।

यदि यह गति बनी रहती है, तो यह वैश्विक अस्थिरता के खिलाफ अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रदान कर सकती है, सरकारी राजस्व को समर्थन दे सकती है और आने वाली तिमाहियों में भारत को विनिर्माण-आधारित विकास इंजन के रूप में और मजबूत कर सकती है।

# स्ट्रीट डॉग्स पर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है कि उसने अवमानना की कार्यवाही नहीं की।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जब उसने कुत्तों को खाना खिलाने वालों को आवारा कुत्तों के हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराने की बात कही थी, तो वह व्यंग्य में नहीं, बल्कि पूरी गंभीरता से कही गई थी।

पीठ ने मेनका गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन से कहा, "थोड़ी देर पहले आप अदालत से कह रहे थे कि हमें संयम बरतना चाहिए।

क्या आपने यह देखा कि आपकी मुवक्किल किस तरह की टिप्पणियां कर रही हैं? आपकी मुवक्किल ने अवमानना की है। हम उस पर संज्ञान नहीं ले रहे हैं-यह हमारी उदारता है। क्या आपने उनका पॉडकास्ट सुना है? उनकी बॉडी लैंग्वेज कैसी है? वह क्या कहती हैं और किस तरह कहती हैं?"

# राहुल को मिला फिरोज़ गांधी का ड्राइविंग लाइसैंस

रायबरेली, 20 जनवरी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मंगलवार को उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक व्यक्ति ने उनके दादा फिरोज गांधी का ड्राइविंग लाइसेंस सौंपा। अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दौरे के दूसरे दिन विकास सिंह नामक एक व्यक्ति ने फिरोज गांधी का ड्राइविंग लाइसेंस सौंपा। विकास ने यह लाइसेंस सहेजकर रखा हुआ था। रायबरेली प्रीमियर लीग के आयोजक मंडल के सदस्य विकास सिंह ने बताया कि वर्षों पहले एक कार्यक्रम के दौरान उनके ससुर को अचानक यह ड्राइविंग लाइसेंस मिला था। तब से उन्होंने इसे सहेजकर रखा हुआ है। सिंह ने कहा कि जब उनके ससुर की मृत्यु हो गई तो उसके बाद उनकी सास ने भी इसे संभाल कर रखा। विकास सिंह ने बताया कि इस बार राहुल गांधी के आने की जानकारी हुई तो उनकी सास ने कहा कि उनकी (राहुल गांधी) एक अमानत मेरे पास रखी है और इसे उन्हें ले जाकर दे दो। विकास सिंह ने मंच पर राहुल गांधी को यह लाइसेंस दिया तो वे उसे देखते रहे और तुरंत वहीं से अपनी मां सोनिया गांधी को सोशल मीडिया के जरिये लाइसेंस की एक फोटो भेजी।






राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600